जबलपुर

शनिवार 9 मई 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

## नासिक केस की मास्टरमाइंड आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में

# निदा को एआईएमआईएम ने दी पनाह, 5 दिन से छत्रपति संभाजीनगर के एक पार्षद के घर पर छिपकर पुलिस की आंखों में झोंकती रही धूल

एजेंसी ▶▶ नासिक

यहां के बहुचर्चित टीसीएस धर्मांतरण मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस ने खुलासा किया कि मामले की मुख्य संदिग्ध निदा खान, जिसे पुलिस की कई टीमें सरगर्मी से तलाश रही थी, वह पिछले 5 दिन से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर छत्रपति संभाजीनगर के एक पार्षद के घर पर छिपी बैठी थी। निदा खान को नासिक क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके लिए 20 पुलिसवाले सादी वर्दी में रहे और पिछले कई दिनों से उस पर नजर रखे हुए थे।



### टीसीएस मामले में खुलासे से खलबली

#### पार्षद ने दिया 'गुनहगार' को डेरा

नासिक पुलिस की तफ्तीश में यह चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि मुख्य आरोपी निदा को छत्रपति संभाजीनगर में पनाह दी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि उसे एआईएमआईएम के पार्षद मतीन पटेल बताए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा कि निदा पिछले 5 दिनों से मतीन पटेल के ठिकाने पर ही रुकी हुई थी। जैसे ही पुलिस की रडार पर यह लोकेशन आई, जांच की दिशा पूरी तरह से बदल गई है।

### पार्षद मतीन पटेल को पुलिस का नोटिस

मामले में सबूत हाथ लगते ही नासिक पुलिस ने एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस ने पार्षद मतीन को आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक फरार आरोपी को जानते-बूझते हुए संरक्षण देना कानूनन गंभीर अपराध है। मतीन को जल्द ही पुलिस के सामने पेश होना होगा, जहां उनसे कड़ी पूछताछ की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या पार्षद सिर्फ पनाह देने तक सीमित थे या इस पूरी साजिश के पीछे उनका भी कोई हाथ है।

#### सियासी गलियारों में हड़कंप और गिरफ्तारी की मांग

अब इस मामले में एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर आरोपी को बचाने के आरोपों ने शहर में राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। स्थानीय जनता और विपक्षी दल अब यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर एक जन प्रतिनिधि ने कानून का साथ देने के बजाय एक संदिग्ध को अपनी छत्रछाया में क्यों रखा। इस खुलासे के बाद एआईएमआईएम के खेमे में सन्नाटा है, वहीं अन्य राजनीतिक दल इस मुद्दे पर पार्षद के इस्तीफे और उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

#### पुलिस का गोपनीय और सुनियोजित ऑपरेशन सफल रहा

नासिक के चर्चित टीसीएस कथित धर्मांतरण मामले में फरार चल रही मुख्य आरोपी निदा को पकड़ने के लिए पुलिस ने बेहद गोपनीय और सुनियोजित ऑपरेशन चलाया। गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रही निदा खान आखिरकार छत्रपति संभाजीनगर के नरेगांव इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ गई। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस ने ऐसा तरीका अपनाया कि इलाके के लोगों को कई दिनों तक भनक तक नहीं लगी कि

#### मंत्री शिरसाट बोले- पार्षद पर मकोका लगाया जाए

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम के नेता मुख्य आरोपी निदा खान को पुलिस की गिरफ्तारी से बचा रही थी। शिरसाट ने इसे कॉर्पोरेट जिहाद बताया है।उन्होंने कहा कि निदा जब फरार चल रही थी तब पार्षद उसकी गिरफ्तारी से बचने में मदद कर रहे थे। शिरशाट ने इम्तियाज जलील सहित एआईएमआईएम नेताओं के खिलाफ मकोका एक्ट के तहत केस और जांच की मांग की।



## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस के साथ डिलीवरी बॉय ने की बदतमीजी

**नई दिल्ली।** उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'गुंजन सक्सेना' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री रीवा अरोरा ने एक डिलवरी बॉय पर उनके साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं। घटना 13-14 दिन पुरानी है। एक्ट्रेस ने डिलीवरी बॉय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने लगभग दस दिन बाद इस घटना के बारे में जानकारी दी है।



### अलीगढ़ में मगरमच्छ से भिड़ी लड़की, खुद को बचाया

**अलीगढ़।** बचपन की कविता वो याद आ रही है खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की एक लड़की गुरुवार को बड़ी ही बहादुरी से खूंखार मगरमच्छ से भिड़ गई। लड़की ने न सिर्फ मगरमच्छ को हराया बल्कि उसकी जबड़े से अपना हाथ भी बचा लिया। घटना सीमा के पास काली नदी के किनारे घटी।



### नोएडा हिंसा मामलाः छात्रा को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में 13 अप्रैल को हुए मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार एक छात्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने आकृति चौधरी की ओर से पेश वकील से कहा वे इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं।



### भाजपा ने राउत को बताया भारतीय राजनीति का जोकर

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में यह कहा।



## तमिलनाडु में सरकार बनने का रास्ता साफ, राज्यपाल से फिर मिले

# टीवीके ने बहुमत का आंकड़ा कर लिया पार अब इस राज्य में बनेगी 'विजय सरकार'

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

### कांग्रेस के बाद 3 छोटे दलों ने भी दिया समर्थन विजय ने बहुमत के लिए संख्या बल प्राप्त किया

### सियासी रस्साकसी के बाद आखिरकार राज्य में बजी सीटी

दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर बड़ी खबर है। 2 दिनो की सियासी रस्साकसी के बाद खबर है कि सीपीआईएम, सीपीआई और वीसीके ने थलापति विजय की अगुवाई वाली टीवीके का समर्थन देने का फैसला किया है। इन 3 दलों के समर्थन देने से अब राज्य में नई सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। कहा गया है कि इसी सिलसिले में विजय तीसरे दिन तीसरी बार राज्यपाल से मुलाकात की।

यह मुलाकात शाम 4.30 बजे थी। इन दलों के समर्थन देने के बाद अब विजय को कुल 118 विधायकों का समर्थन हासिल हो गया है जो 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा है। टीवीके के पास 107 विधायक हैं। विजय दो सीटों से चुनाव जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़नी होगी। इनके अलावा कांग्रेस के 5 विधायक हैं, जो पहले ही समर्थन दे चुकी है। आज समर्थन देने वाले तीनों दलों के 2-2 विधायक हैं। इस तरह विजय को अब बहुमत यानी 118 विधायकों का समर्थन हासिल है।



#### पार्टी में दिखी खुशी

#### बहुमत की चिंता नहीं

कहा गया है कि करीब उसी समय के आसपास, समर्थन देने वाले सभी दल एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे, जिसमें वे अपने फैसले की औपचारिक घोषणा करेंगे। इसी बीच, मायलापुर के नवनिर्वाचित टीवीके विधायक पी वेंकटरमनन ने तमिलनाडु में सरकार गठन की पार्टी की क्षमता पर शुक्रवार को पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उसके पास बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए आवश्यक संख्या बल है। सरकार गठन को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच उन्होंने यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में पार्टी के पास बहुमत न होने की चिंताओं को खारिज कर दिया। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या पार्टी ने स्थिर सरकार के लिए आवश्यक निश्चित आंकड़े हासिल कर लिए हैं, तो उन्होंने दृढ़ता से 'हां' में जवाब दिया। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर पार्टी कोषाध्यक्ष वेंकटरमनन ने कहा कि जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम आपको एक घंटे में जानकारी देंगे।

#### सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे

2 दिन की राजनीतिक अनिश्चितता और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के साथ जारी टीवीके के गतिरोध खत्म होने के आसार हैं। साथ ही अगली सरकार बनाने के उनके दावे को और मजबूती मिली है। टीवीके के अनुसार विजय ने शुक्रवार शाम 4.30 बजे राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था और उम्मीद है कि प्रमुख विपक्षी दलों का समर्थन हासिल करने के बाद वे एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

#### तीसरी बार राज्यपाल से मुलाकात

राज्यपाल आरवी आर्लेकर के साथ विजय की ये तीसरी मुलाकात होगी। इससे पहले दोनों की मुलाकात बुधवार और गुरुवार को भी हुई थी। दोनों बार आर्लेकर ने विजय के सरकार बनाने के दावे को खारिज करते हुए तर्क दिया कि टीवीके नेता को सदन में बहुमत के लिए जरूरी समर्थन प्राप्त नहीं है। विजय की तमिलगा वेट्री कझगम ने पिछले महीने के चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी ने चुनावी मुकाबले में 234 में से 107 सीटें जीती हैं।

#### टीवीके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

*राजनीतिक हलचल के बीच चेन्नई स्थित लोक भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीवीके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पार्टी प्रमुख विजय के शपथ ग्रहण को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण समर्थकों में नाराजगी और उत्सुकता दोनों देखने को मिली।*

*राजनीतिक घटनाक्रम तेज होने के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोक भवन के बाहर जुटे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कई समर्थकों को हिरासत में लिया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।*

#### मणिशंकर ने कांग्रेस पर उठाए सवाल

#### विजय के साथ गठबंधन कर कांग्रेस ने अनैतिकता-मूर्खता की

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणि शंकर अय्यर ने शुक्रवार को तमिलनाडु में अभिनेता विजय और उनकी पार्टी टीवीके को समर्थन देने के कांग्रेस के फैसले पर सवाल उठाते हुए इस कदम को भयानक, नैतिक रूप से संदिग्ध और राजनीतिक रूप से गैरजिम्मेदाराना बताया। अय्यर ने कहा कि नवंबर 1925 में, सौ साल पहले, महात्मा गांधी ने अपने गुजराती पत्रिका 'नवजीवन' में यह सिद्धांत दिया था कि स्वराज का अर्थ नैतिकता पर आधारित शासन होना चाहिए और महात्मा गांधी की ही पार्टी, कांग्रेस ने हाल ही में टीवीके के साथ गठबंधन करने का जो निर्णय लिया है, उसी सिद्धांत का उल्लंघन किया है, जबकि पिछले चुनाव में हमने टीवीके का विरोध किया था। यह मूर्खता है।

## विजय को समर्थन देना पड़ा महंगा

# डीएमके ने छोड़ा 'हाथ' संसद में भी रिश्ता खत्म



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

कांग्रेस ने तमिलनाडु में एक्टर विजय की अगुवाई वाली टीवीके को समर्थन देने क फैसला किया है। कांग्रेस ने कहा है कि उसका समर्थन सिर्फ मौजूदा सरकार के गठन नहीं बल्कि आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव, लोकसभा चुनाव और राज्यसभा चुनावों के लिए भी होगा।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले ऐसी चर्चा सामने आई थी कि राहुल गांधी टीवीके साथ गठबंधन के इच्छुक हैं, लेकिन पार्टी के अन्य नेताओं के दबाव में डीएमके साथ कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। टीवीके के तमिलनाडु में करिश्मा करने पर कांग्रेस ने अब राज्य में डीएमक को छोड़कर नए साथी चुन लिया है ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि विपक्ष में पहुंचे स्टालिन अब अकेले आगे बढ़ेंगे या फिर पिता की तरफ एनडीए के साथ आएंगे। क्योंकि स्टालिन भले ही तमिलनाडु में की राजनीति में कमजोर हो गए हैं लेकिन उनके पास केंद्र में कुल 32 सांसद हैं।

#### डीएमके ने इसे कांग्रेस की गद्दारी बताया

डीएमके ने कांग्रेस द्वारा टीवीके को समर्थन देने पर इस गद्दारी बताया है। तमिलनाडु में कांग्रेस के साथ गठबंधन में सरकार बनाने के लिए टीवीके के बारे में डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस एलांगोवन ने कहा कि शुरू से ही यह चर्चा थी कि कुछ लोग विजय का समर्थन करना चाहते हैं और उनकी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। कांग्रेस हर राज्य में ऐसा कर रही है। आखिरकार वे सभी जगह हार रहे हैं। दिल्ली और पश्चिम बंगाल में उनका पूरी तरह सफाया हो गया है। महाराष्ट्र में उनके पास कोई मौका नहीं है। वे कुछ ऐसा कर रहे हैं जिससे उनकी पार्टी ही बंद हो जाएगी। डीएमके कनिमोझी ने फिलहाल कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है लेकिन ऐसी चर्चा है कि अगर कांग्रेस टीवीके सरकार में शामिल होती है तो तनाव बढ़ सकता है।

#### संसद में अलग बैठेंगे हमारे सांसद

डीएमके की सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर सदन में अपनी पार्टी डीएमके के सदस्यों की बैठने की व्यवस्था बदलने का अनुरोध किया है। अब कांग्रेस के साथ डीएमके के गठबंधन खत्म होने के बाद उनके सदस्यों का कांग्रेस सांसदों के साथ एक साथ बैठना ठीक नहीं है।उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि डीएमके संसदीय दल के लिए अलग से



## पंजाब के सांसद को आया शाह के नाम पर फर्जी फोन

### आप सांसद को अनजान नंबर से कॉल

# दिल्ली में मिलने के लिए बुलाया तो चब्बेवाल ने पुलिस को दी शिकायत

एजेंसी ▶▶ होशियारपुर

आम आदमी पार्टी के सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल को गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम पर एक संदिग्ध फोन कॉल आई। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को शिकायत दी है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। चब्बेवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8:45 बजे उनके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि गृह मंत्री शाह उनसे बात करना चाहते हैं। इसके बाद दूसरे व्यक्ति ने फोन पर खुद को शाह बताते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और पूछा कि वे इस समय कहां हैं?



#### चब्बेवाल बोले- होशियारपुर में हूं

चब्बेवाल ने बताया कि उन्होंने कहा कि वे होशियारपुर में हैं। इस पर खुद को शाह बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि जब भी वे दिल्ली आएं तो उनसे मुलाकात करें। सांसद ने बताया कि बातचीत के दौरान उन्हें शक हुआ क्योंकि फोन करने वाले की आवाज शाह जैसी नहीं थी और न ही कॉल किसी आधिकारिक नंबर से आई थी। उन्होंने तुरंत होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया और कॉल की पूरी जानकारी देकर जांच करने को कहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सुवेंदु के निजी सचिव की हत्या में अंतरराज्यीय कनेक्शन

**लखनऊ।** बंगाल में भाजपा के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में जांच गति पकड़ रही है। बंगाल में नई सरकार के गठन की तैयारियों के बीच हिंसा भी बढ़ती जा रही है। इस बीच उनके निजी सचिव चंद्रनाथ रथ के हत्यारों को सामने लाने की भी है। मामले में बंगाल पुलस को अंतरराज्यीय कनेक्शन मिला है। सुवेंदु के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की हत्या में अंतरराज्यीय कनेक्शन का भी संदेह है। बिहार के साथ असम में पड़ताल के बीच बंगाल पुलिस के उत्तर प्रदेश में भी पहुंचने की सूचना है।



## पटना में टीआरई 4 के विज्ञापन और नियमावली पर बवाल

### विरोध प्रदर्शन में कई छात्र घायल

# हड़ताली अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठाचार्ज, जेपी गोलंबर पर मचा हंगामा

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में टीआरई 4 के विज्ञापन जारी करने और बीपीएससी नियमावली में बदलाव की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस कार्रवाई हुई है। पटना कॉलेज से निकाला गया विरोध मार्च जब जेपी गोलंबर पहुंचा, तो वहां बड़ी संख्या में जुटे हजारों अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए। छात्र नेता दिलीप के नेतृत्व में हो रहे इस आंदोलन में अभ्यर्थी लगातार परीक्षा प्रक्रिया में देरी का विरोध कर रहे थे और जल्द विज्ञापन जारी करने की मांग कर रहे थे। छात्र कॉलेज से बिहार लोक सेवा आयोग के कार्यालय की ओर जा रहे थे, लेकिन उन्हें जेपी गोलंबर पर ही रोक दिया गया। कुछ छात्र नेताओं को भी हिरासत में लिया है।



#### अभ्यर्थियों की मांग और आंदोलन

दिलीप ने कहा कि इसके लाखों अभ्यर्थी पिछले 2 वर्षों से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि 10-15 दिन में वैकेंसी आ जाएगी, जबकि चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान भी उसका विज्ञापन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया था।

## असम के सीएम ने मंदिर की प्रशंसा में श्लोक भी पढ़ा

# सरमा ने सोमनाथ को बताया पुनर्निर्माण भारत के सभ्यतागत पुनर्जागरण का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष भारत की अटूट आस्था, सभ्यता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। उन्होंने एक्स पर मंदिर के आध्यात्मिक महत्व की प्रशंसा करते हुए एक संस्कृत श्लोक साझा किया और कहा कि मंदिर का पुनर्निर्माण भारत की स्थायी सांस्कृतिक चेतना को दर्शाता है। सरमा ने भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को भी याद किया, जिन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण में अहम योगदान दिया था।



#### 11 को सोमनाथ जाएंगे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी 11 मई को पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने एक लेख में भव्य-दिव्य सोमनाथ धाम को समर्पित अपनी भावनाएं भी व्यक्त की हैं।



#### आध्यात्मिक महत्व बताया

सरमा ने लिखा-पुनर्स्थापना के 75 वर्ष भारत की अडिग आस्था, सभ्यता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने श्लोक 'सोमलिंगं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते, लभते फलम् मनोवाञ्छितम मृतः स्वर्गं समाश्रयेत' का उल्लेख करते हुए मंदिर के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया।

## केरल में मुख्यमंत्री पद की लड़ाई अब खुलकर सड़कों पर आई

### पार्टी के 3 बड़े नेताओं के समर्थक खुलकर सड़क पर आ गए


# पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी रिपोर्ट, दिल्ली करेगी फैसला

### *कथित तौर पर वेणुगोपाल के फ्लेक्स बोर्ड पर ऑयल फेंका*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ केरलम

कांग्रेस के शीर्ष कमान पर अब केरल के अगले मुख्यमंत्री को चुनने की जिम्मेदारी है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला के समर्थक सड़कों और सोशल मीडिया पर अपने नेताओं के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। कांगरेस के पर्यवेक्षक मुकुल वासनिक और अजय माकन जब कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने और पार्टी के 63 विधायकों से अलग-अलग बातचीत करने पहुंचे, तब तिरुवनंतपुरम स्थित इंदिरा भवन के पास सांसद केसी वेणुगोपाल के समर्थन में 6 बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए। वेणुगोपाल ने केरल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। वेणुगोपाल के एक फ्लेक्स बोर्ड पर गुरुवार को कथित तौर पर ग्रीस ऑयल फेंक दिया गया।



#### मुरलीधरन बोले- यह घटनाएं तो कांग्रेस में सामान्य बात

वट्टियूरकावु सीट से जीतने वाले के. मुरलीधरन ने कहा कि कांग्रेस जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ऐसी घटनाएं सामान्य हैं। मुख्यमंत्री का फैसला होते ही पूरी पार्टी उस निर्णय के साथ एकजुट हो जाएगी। फैसला दो दिनों में आ जाएगा। संभवतः रविवार तक इसकी घोषणा हो जाएगी। मुरलीधरन ने बताया कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं की भावना को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के चयन पर अपनी राय एआईसीसी पर्यवेक्षकों को बता दी है।

#### विधायक नेतृत्व पर निर्भर

विधायकों के दल ने एक प्रस्ताव पारित कर एआईसीसी अध्यक्ष को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया है। यही नेता आगे चलकर मुख्यमंत्री भी बनेगा। ऐसे में यह त्रिकोणीय मुकाबला अब पार्टी मुख्यालय तक पहुंचने की संभावना है। उम्मीद है कि पर्यवेक्षक शुक्रवार को एआईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। अंतिम चर्चा के लिए केरल के नेताओं को पार्टी मुख्यालय बुलाया जा सकता है, जिसके बाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा होगी।

#### सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन

राज्य के कई हिस्सों में वीडी सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन किए गए। अलप्पुझा और कन्नूर जिले के इरिक्कुर में वेणुगोपाल के खिलाफ और सतीशन के समर्थन में पोस्टर लगाए गए। फ्लेक्स बोर्ड की इस लड़ाई में रमेश चेन्निथला काफी पीछे दिख रहे हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर उनके समर्थक लगातार उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं।

जबलपुर, शनिवार 9 मई 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -7 ■ वर्ष : 21, अंक : 9 ■ पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 40 न्यून. 36 haribhoomi.com




हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को राहत

## दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वीकार की जल्द सुनवाई की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से जुड़े एफडी हेराफेरी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने त्वरित सुनवाई की याचिका स्वीकार कर ली है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 26 मई को होगी। राजेंद्र भारती की ओर से देश के दिग्गज वकील कपिल सिब्बल ने पैरवी की। पूर्व में इस मामले की सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की गई थी, लेकिन सिब्बल ने कोर्ट के समक्ष मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत ने इस दलील को स्वीकार करते हुए नई तारीख तय की। यह मामला दतिया में हुई एफडी हेराफेरी से जुड़ा है। दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राजेंद्र भारती और सह-आरोपी बैंक लिपिक को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश का दोषी पाया है। अदालत ने इस मामले में उन्हें 3 साल की सजा सुनाई थी, हालांकि उन्हें तत्काल जमानत मिल गई थी। इस सजा के कारण उनकी सदस्यता और राजनीतिक भविष्य पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।



- मामला दतिया में हुई एफडी हेराफेरी से जुड़ा
- अब सबकी नजरें 26 मई की सुनवाई पर टिकीं

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया 'दुर्भाग्यपूर्ण'

# मंत्री विजय शाह को लगी फटकार... कोर्ट बोला- मुकदमे पर अब फैसला ले सरकार

▶▶ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ज़ुबान फिसलने का मामला बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मप्र के मंत्री कुंवर विजय शाह की विवादित टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस पर कोई पछतावा नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि उनके हिसाब से मंत्री शायद महिला की तारीफ करना चाहते थे। यह एक संभावित नजरिया हो सकता है। उन्होंने माफी भी मांग ली है। मैं उनका बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन वे अपनी बात स्पष्ट रूप से नहीं रख पाए।

**मामले पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई**


फाइल फोटो

### 2 हफ्ते में मंजूरी मिलनी थी, महीनों गुजर गए

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि इस मामले में राज्यपाल से मंजूरी 2 हफ्ते के अंदर मिलनी थी, लेकिन इतने महीने गुजर जाने के बाद भी अभी तक नहीं मिली है। सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि आपको हमारे आदेश का पालन करना होगा। अब इस मामले पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी।


### यह है मामला?

मंत्री विजय शाह पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन कहकर अभद्र टिप्पणी की थी। कर्नल कुरैशी उन 3 वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल थीं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया को ब्रीफ किया था।




## खबर संक्षेप

### अस्पताल में भर्ती 3 साल की मासूम से दुष्कर्म



**सागर।** शहर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां इलाज के लिए भर्ती तीन साल की मासूम बच्ची के साथ अस्पताल परिसर में ही दरिंदगी किए जाने की घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने सर्जिकल वार्ड में भर्ती मासूम को अपना शिकार बनाया। घटना सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### रोजगार नहीं, सोशल मीडिया पर उलझाया



**गुरुग्राम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को गुरुग्राम में सद्भावना यात्रा में शामिल हुए। यहां जनसभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा और पूरे देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कॉलेजों से डिग्रियां तो मिल रही हैं, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा। उनके मुताबिक सरकार की नीतियों के कारण देश में चीन का सामान बिक रहा है। रोजगार देने के बजाय उन्हें सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम में उलझाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ियां की जाती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लाखों वोटरों के नाम काटे जाते हैं और लाखों नाम जोड़े जाते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का धन छीनकर उद्योगपति गौतम अदानी और अंबानी को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

### रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिवस पर भाजपा के पहले सीएम आज सुबह 11 बजे लेंगे शपथ

# बंगाल के नए सीएम होंगे 'अधिकारी' शाह ने गले लगाया और पीठ थपथपाई

भाजपा विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

*लगभग आठ प्रस्ताव और समर्थन प्राप्त हुए। ये सभी एक ही नाम के लिए थे। दूसरे नाम के लिए भी सभी को समय दिया गया, लेकिन दूसरा नाम सामने नहीं आया*


काली मंदिर में पूजा करते शाह

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उपस्थित सभी भाजपा विधायकों से सहमति ली गई, जिसके बाद उनके नाम पर अमित शाह ने औपचारिक मुहर लगाई। दावा किया जा रहा है कि बंगाल की नई सरकार में दो डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। इनमें एक महिला होगी। शाह ने बैठक के बाद कहा कि हाल ही में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई है।


सुवेंदु अधिकारी

▶▶ दो डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं इनमें एक महिला संभव

▶▶ 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 206 सीटों पर जीत हासिल की थी


सुवेंदु को गले लगाते शाह

**पीएम के साथ करीब 20 मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद**

*कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। समारोह में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य मंच को तीन हिस्सों में बांटा जाएगा। पहले हिस्से में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अन्य केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बैठेंगे। दूसरे हिस्से में राज्यपाल आरएन रवि मौजूद रहेंगे।*

- **ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर करीब 50 हजार लोगों उपस्थित रहेंगे**
- **मंच पर देवी दुर्गा, शिवाजी महाराज की प्रतिमा रहेगा, झालमुड़ी रसगुल्ला बंटेगा**
- **मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे**

### ममता का मुख्यमंत्री का टैग अभी भी बरकरार

पश्चिम बंगाल में 17वीं विधानसभा भंग हो गई है। इसके बावजूद भी तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बेनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल नहीं बदली है। वह आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री बन चुकी हैं, लेकिन सोशल मीडिया प्रोफाइल में अभी भी मुख्यमंत्री का टैग बरकरार रखा है। ममता अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक और एक्स पर अभी भी माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल का इस्तेमाल कर रही हैं।

### पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह होंगे शामिल

## असम में 12 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण

**कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम नई सरकार शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के खानापारा में वेटनरी फील्ड में होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने यह जानकारी दी।


हिमंता सरमा

### विजय आज लेंगे सीएम पद की शपथ



चेन्नई। तमिलनाडु के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहने वाला है। टीवीके प्रमुख विजय शनिवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके साथ ही राज्य को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। शुक्रवार देर शाम प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया।

### बीना विधायक निर्मला सप्रे का बयान

## सिंघार मुझे 300 करोड़ रुपए दें मैं कांग्रेस के साथ चली जाऊंगी

जो भी पार्टी बीना को जिला बनाएगी, वह उसी का समर्थन करेंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/सागर

सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के एक ताजा बयान ने कांग्रेस और भाजपा दोनों ही खेमों में खलबली मचा दी है। विधायक निर्मला सप्रे ने मीडिया से बातचीत के दौरान विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर उमंग सिंघार मुझे 300 करोड़ रुपए दे दें, तो मैं कांग्रेस के साथ चली जाऊंगी। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पुरानी मांग को दोहराते हुए कहा कि जो भी पार्टी बीना को जिला बनाएगी।

### वन विभाग ने दर्ज किया केस

## गांधीसागर अभयारण्य में मिला 8 माह के तेंदुए का शव

**मंदसौर।** जिले के गांधीसागर अभयारण्य क्षेत्र में एक तेंदुए का शव मिला है। वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की गाइडलाइन के अनुसार पूरे मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम, जांच और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मंदसौर वनमंडलाधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि गुरुवार को मुख्य सड़क नीमच-झालावाड़ मार्ग के समीप वन भूमि कक्ष क्रमांक 1011, बीट चंबल नंबर-3, वन परिक्षेत्र गेम रेंज पूर्व गांधीसागर अभयारण्य क्षेत्र में एक वन्यजीव तेंदुए की मृत्यु की घटना सामने आई।



- मौत के कारण का अभी कोई खुलासा नहीं

### लंबे समय से चल रहे थे बीमार

## इंदौर के कांग्रेस विधायक रहे अश्विन जोशी का निधन

**इंदौर।** पूर्व कांग्रेस विधायक अश्विन जोशी का शुक्रवार सुबह 8 बजे निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 66 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली हैं। जोशी पूर्व मंत्री महेश जोशी के भतीजे थे। लंबे समय से सांस लेने की समस्या से परेशान चल रहे थे। सुबह उन्होंने दिल का दौरा आया। कांग्रेस की ओर से वे वह तीन बार विधायक रहे हैं।




- कांग्रेस नेता को सुबह आया था हार्ट अटैक

### तेज रफ्तार कार का कहर

## सांसद प्रतिनिधि लिखी स्कॉर्पियो ने वाहन को रौंदा, एक की मौत

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के फोरलेन पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी बकरियों से लदी टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैक्सी सीधे खाई में जा गिरी। इस हादसे में शाहबाज अली नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।




- टक्कर के बाद खाई में गिरी टैक्सी

### इंस्टाग्राम से हटा एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन

## प्राइवेसी के सबसे मजबूत 'सुरक्षा कवच' का अंत

**नई दिल्ली।** डिजिटल दुनिया में निजता को लेकर चल रही बहस के बीच मेटा ने इंस्टाग्राम यूजर्स को बड़ा झटका दिया है। इंस्टाग्राम ने अपने प्लेटफॉर्म से सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' फीचर को पूरी तरह हटाने का फैसला किया है। इस बदलाव के बाद करोड़ों यूजर्स की व्यक्तिगत बातचीत और साझा किए गए मीडिया फाइल्स की सुरक्षा का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।



- तकनीकी विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई

### रणथंभौर के पास के गांवों में मूवमेंट था

## कूनो से रणथंभौर पहुंचे चीते को किया ट्रैंकुलाइज, मप्र लाया गया

**करीब 23 दिन पहले भटककर पहुंचा था**

एजेंसी ▶▶ सवाईमाधोपुर

कूनो अभयारण्य से भटककर रणथंभौर नेशनल पार्क पहुंचा चीता केपी2 आखिरकार अपने घर लौट गया। वन विभाग की लगातार निगरानी के बाद शुक्रवार को कूनो अभयारण्य की टीम ने रणथंभौर के फलोदी रेंज स्थित काला कुआं क्षेत्र में चीते को सफलतापूर्वक ट्रैंकुलाइज किया। बाद में कूनो की टीम चीते को लेकर मध्यप्रदेश पहुंच गई। अब कूनो में चीते को उसके प्राकृतिक आवास में रिलीज कर दिया गया।


चीता

### ताड़मेटला नरसंहार मामला

# 76 जवानों की शहादत मामले में सभी 10 आरोपी रिहा हुए

**राज्य सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज, साक्ष्यों की कमी और खराब जांच बनी आधार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने देश के सबसे भीषण माओवादी हमलों में से एक 'ताड़मेटला कांड' में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के सभी आरोपियों की रिहाई के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है। इसी के साथ दंतेवाड़ा सत्र न्यायालय द्वारा 2013 में दिए गए बरी करने के फैसले को बरकरार रखा गया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपियों का दोष 'उचित संदेह से परे' साबित करने में अभियोजन पक्ष पूरी तरह विफल रहा। कोर्ट ने फैसले के लिए मुख्य रूप से तीन बिंदुओं को आधार बनाया है। इसमें हमले जैसे गंभीर मामले में आरोपियों के खिलाफ ठोस चश्मदीद या सबूत पेश नहीं किए जा सके। घटना की कड़ियों को जोड़ने वाले सबूत अपर्याप्त पाए गए।



### 13 साल बाद भी न्याय का इंतजार

दंतेवाड़ा की विशेष अदालत ने 7 जनवरी 2013 को ही साक्ष्यों के अभाव में 10 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

### 10 व 11 को प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी, दिन का तापमान 4 से 5 डिग्री तक बढ़ेगा

# 20 जिलों में आंधी-बारिश, रतलाम में पारा 43 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मिले-जुले मौसम के बीच शनिवार से तेज आंधी, बारिश और बिजली का अलर्ट जारी किया है। सिवनी, छिंदवाड़ा, रायसेन, सागर, दमोह और बालाघाट में बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, भोपाल, देवास, खरगोन, राजगढ़, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, बैतूल, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर में धूलभरी आंधी चल सकती है, हालांकि शुक्रवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। रतलाम में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि इंदौर-भोपाल में 41.2 डिग्री, जबलपुर में 38.8 डिग्री और ग्वालियर में 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि उत्तर और पूर्वी प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

▶▶ भोपाल व विदिशा में धूल भरी आंधी का अलर्ट

▶▶ कुछ जिलों में लू के हालात भी बनेंगे


रायसेन रोड का दृश्य, शाम 5 बजे

### रविवार से फिर बढ़ेगी तपिश

प्रदेश में चक्रवात सक्रिय होने की वजह से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके साथ प्रदेश के ऊपर से एक ट्रफ भी गुजर रही है। वहीं, 10 और 11 मई को पूरे प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी, जिससे अधिकतर जिलों में दिन के तापमान में चार से पांच डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

### इन जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सतना और छतरपुर समेत दो दर्जन से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके बाद रविवार से मौसम एक बार फिर गर्म होगा, जिससे कुछ जिलों में लू के हालात भी बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल स्कॉलर अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. कृष्णा कुमार

**भोपाल।** एम्स भोपाल के सहायक प्रोफेसर सामान्य शल्य चिकित्सा डॉ. कृष्णा कुमार को ट्रैवल स्कॉलर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर ट्रॉमा सर्जरी एंड इंटेंसिव केयर (आईएटीएसआईसी) द्वारा दिया गया। यह आयोजन 51वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ सर्जरी (आईएसएस/एसआईसी) के तहत मेक्सिको सिटी में हुआ। डॉ. कुमार को ट्रॉमा मैनेजमेंट, इमरजेंसी सर्जरी और सर्जिकल क्रिटिकल केयर में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला। सात वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ उन्होंने गंभीर रूप से घायल मरीजों के इलाज में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### शहर के रैन बसेरों के हाल बेहाल, आयोग ने निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के कई क्षेत्रों में बने रैन बसेरों में अव्यवस्थाएं होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर के हलालपुर बस स्टैंड, शाहजहांनी पार्क एवं आईएसबीटी में बने रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए न तो पर्याप्त पेयजल व्यवस्था है और न ही कूलर एवं पंखों की। इस कारण लोगों को भीषण गर्मी में कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है। भोपाल शहर के जय प्रकाश अस्पताल में ईको-कार्डियोग्राफी और टीएमटी मशीनों को संचालित करने के लिए कोई स्थाई विशेषज्ञ नहीं होने का मामला सामने आया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अस्पताल में इमरजेंसी में जब कोई दिल का मरीज पहुंचता है, तो उसकी जांच के लिए आउटसोर्स डॉक्टर बुलाने पड़ते हैं। मामले में आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांच के निर्देश देते हुए रिपोर्ट तलब की है।

# प्रदेश में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की निगरानी के लिए बनी मल्टी टियर टास्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मध्य प्रदेश सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए प्रदेशभर में मल्टी टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स गठित करने का आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 30 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार संभाग, जिला, नगरीय निकाय और वार्ड स्तर तक समितियों का गठन किया जाएगा। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं के संदर्भ में 19 फरवरी 2026 को दिए गए निर्देशों के पालन में जारी किया गया है।**

कलेक्टर, महापौर और कमिश्नर देंगे सरकार को रिपोर्ट


फाइल फोटो

**जिला स्तर पर कलेक्टर की जिम्मेदारी**

जिला स्तरीय समिति की कमान कलेक्टर के हाथ में रहेगी। इसमें नगर निगम आयुक्त या मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, दो जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य और जिला परियोजना अधिकारी को शामिल किया गया है।

### हर छह माह में कम से कम एक बैठक करेगी समिति

आदेश के अनुसार संभाग स्तरीय समिति प्रत्येक छह माह में कम से कम एक बैठक करेगी, जबकि जिला, निकाय और वार्ड स्तरीय समितियों की बैठक हर तीन माह में आयोजित की जाएगी। समितियां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगी और सामने आने वाली कठिनाइयों के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी देंगी। सरकार का मानना है कि बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था से शहरों और कस्बों में कचरा प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी तथा स्वच्छता अभियान को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा।

**नियमित समीक्षा की जाएगी**

शासन ने स्पष्ट किया है कि माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग के जरिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन की नियमित समीक्षा की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार संभाग स्तरीय समिति का अध्यक्ष संभागीय आयुक्त को बनाया गया है। समिति में संबंधित जिले के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के आयुक्त एवं अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

### डॉ. यादव ने आष्टा के सामूहिक विवाह सम्मेलन को किया वर्चुअली संबोधित

# समाज के समृद्ध नागरिक सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का करें ट्रेंड सेट: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज के समृद्ध लोग सादगी को अपने व्यवहार में उतारें और सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का ट्रेंड सेट करें। इससे समाज का हर वर्ग विवाह के अनावश्यक खर्च से बचेगा और उपलब्ध संसाधनों का परिवार के भविष्य निर्माण में उपयोग किया जा सकेगा।

डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी अपने पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में ही किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा की चिंता करना और उसके लिए पर्याप्त प्रबंध करना, हर माता-पिता का दायित्व है। डॉ. यादव गुरुवार को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे है। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उनके परिजन को शुभकामनाएं दीं।

**खास बातें**

- सामूहिक विवाह सम्मेलन का संदेश फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक
- हर वर्ग विवाह के अनावश्यक खर्च से बचेगा, संसाधन का भविष्य में हो सकेगा उपयोग



विवाह समारोह को वर्चुअली संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### लगभग एक हजार करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दिसंबर 2023 से अप्रैल 2026 तक 1 लाख 70 हजार 187 बेटियों के विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत कराए गए हैं। योजना अंतर्गत अब तक लगभग एक हजार करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से आर्थिक रूप से कमजोर भाई-बहनों की बेटियां भी पूरे सम्मान के साथ विदा होती हैं। समाज का कोई भी वर्ग हो, बच्चों का विवाह हर माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। सामूहिक विवाहों के आयोजन से अब विवाह के लिए माता-पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। समाज और सरकार एक-दूसरे के पूरक हैं। परिवर्तन के लिए समाज और सरकार दोनों का हाथ मिलाकर चलना जरूरी है।

**सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का बंधन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का पवित्र बंधन है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं के लिए आने वाला समय कई जिम्मेदारियां लेकर आता है। सभी परिवारों के लिए विवाह का आयोजन आनंद और उत्सव का वातावरण निर्मित करता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक ही मंडप में समाज के वर्गों के बेटे-बेटी वैवाहिक बंधन में बंधते हैं, सामूहिक चेतना का यह उत्सव फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक का संदेश देता है। सरकार और समाज ने जब से सामूहिक विवाह का बीड़ा उठाया है तब से गरीब माता-पिता ने चैन की सांस ली है। सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्तमान में समाज सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बन चुके हैं।

### आयुक्त मनीष सिंह ने किया स्वागत

# दुबे ने संचालक जनसंपर्क का कार्यभार किया ग्रहण


संचालक जनसम्पर्क का पदभार ग्रहण करते अरविंद कुमार दुबे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अरविन्द कुमार दुबे ने गुरुवार को संचालक जनसम्पर्क के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। आयुक्त सिंह ने विभागीय गतिविधियों और प्राथमिकताओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी अपर संचालक जीएस वाधवा, संजय जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरा मशीन संचालकों को मिले प्लॉट आवंटन पत्र

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में चल रही करीब 40 आरा मशीनों की शिफ्टिंग अगले सप्ताह से शुरू होगी। मेट्रो रेल परियोजना के मार्ग में आ रही इन मशीनों को परवलिया सड़क स्थित छोटा रातीबड़ में विकसित फर्नीचर क्लस्टर में स्थानांतरित किया जाएगा। एमएसएमई ने वहां बिजली, पानी और सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। अब तक 23 संचालकों को प्लॉट आवंटन पत्र देकर कब्जा सौंपा जा चुका है।

### परिचित को मैसेज किया, तब मिली सूचना

# नौकरी का झांसा देकर छग की युवतियों को ले गए झारखंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नौकरी दिलाने के नाम पर छत्तीसगढ़ की युवतियों को झारखंड ले जाकर रोके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कांकेर और अन्य जिलों की करीब 35 युवतियों के गढ़वा जिले में फंसे होने की सूचना मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस सक्रिय हो गई है।

बताया जा रहा है कि युवतियों को रोजगार का लालच देकर झारखंड बुलाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उनसे जबरन काम कराया जा रहा है। मामले की जानकारी तब सामने आई जब एक युवती ने अपने गांव के परिचित युवक को मोबाइल पर संदेश भेजकर मदद मांगी। युवती ने मैसेज में बताया कि कई लड़कियों को बंधक जैसी स्थिति में रखा गया है और बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही। इसके बाद परिजनों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर बेटियों को वापस लाने की मांग की। सूचना मिलते ही कांकेर जिला प्रशासन ने झारखंड के गढ़वा जिला प्रशासन से संपर्क साधा और खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि युवतियों को किसके माध्यम से वहां भेजा गया और क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और युवतियों को सुरक्षित वापस लाने के लिए टीम काम कर रही है। वहीं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पुष्टि की कि मामले में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी है। इस घटना के बाद ग्रामीण इलाकों में चिंता का माहौल है।

### 15 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख का अर्थदंड

# एनडीपीएस प्रकरण में दो आरोपियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

थाना कोतवाली बीजापुर की प्रभावी कार्रवाई के कारण एक महत्वपूर्ण फैसला आया है। न्यायालय ने एनडीपीएस प्रकरण में दो आरोपियों को सजा सुनाई है। उन्हें 15-15 वर्ष का कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 9 नवंबर 2024 को यह कार्रवाई हुई थी। बीजापुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया था।

महादेव घाटी मोड़ के पास मोटर साइकिल से अवैध रूप से नशीली गोलियों का परिवहन करते हुए रवींद्र पुनेम और अंशु गोनेट को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की थीं। एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ग) के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली बीजापुर पुलिस ने गहन विवेचना की।



**नशे के अवैध कारोबार को रोकने की दिशा में फैसला**

मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया। प्रत्येक को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया गया। साथ ही, उन पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह फैसला नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बीजापुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है।

### पुराना पुल के पास शव मिलने से हड़कंप



**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना पुल के पास सुबह एक शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया। शव देखे जाने का मामला सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम के लिए मेकाज भेज दिया गया है। जबकि मृतक की शिनाख्त की जा रही है। बीते दो दिनों में दो शव पाए जाने से इलाके में हड़कंप है। मामले की जानकारी देते हुए आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह जब कुछ लोग नदी में नहाने के लिए गए तो देखा कि बुजुर्ग का शव पानी में तैर रहा था। शव देखे जाने की जानकारी मोहल्ले में लगते ही शव देखने लोग आ पहुंचे। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने मृतक की फोटो को सभी थाना व चौकी में भेज दिया है।

### पायलटिंग कार और 5 मोबाइल फोन भी जब्त

# पुलिस ने एम्बुलेंस से 77 किलो गांजा जब्त किया, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में शुक्रवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एम्बुलेंस से 77 किलो गांजा जब्त किया है। इसके साथ ही पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने तस्करों के पास से पायलटिंग कार और 5 मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जब्त माल की कुल कीमत 50.45 लाख रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार, तस्कर ओडिशा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र ले जा रहे थे। गांजा तस्करी के लिए इन्होंने एंबुलेंस का इस्तेमाल किया गया था। एंबुलेंस के आगे एक पायलट कार भी चल रही थी। पुलिस ने बताया कि दोनों गाड़ियों का नंबर महाराष्ट्र का है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ कर रही है।



**ओडिशा से महासमुंद की ओर जा रहा था वाहन**

पूरी घटना कोमाखाना थाना क्षेत्र की है। कोमाखाना थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से महासमुंद की ओर एक एम्बुलेंस आ रही है जिसमें भारी मात्रा में गांजा लोड है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टेमरी जांच नाका पर घेराबंदी की। इस दौरान महाराष्ट्र नंबर की एक एंबुलेंस को रोका गया। तलाशी के दौरान एम्बुलेंस से करीब 77 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके से हिरासत में लिया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ की महासमुंद पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चला रही है।

### 30 शिक्षकों के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गंभीर गड़बड़ी पाए जाने पर 30 शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। मंडल ने संबंधित शिक्षकों को आगामी तीन वर्षों तक बोर्ड के सभी कार्यों से ब्लैकलिस्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान कई विद्यार्थियों के अंकों में 20 से 40 नंबर तक का अंतर पाया गया। इतने बड़े बदलाव को मंडल ने मूल्यांकन में गंभीर लापरवाही माना और जांच के बाद संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई का फैसला लिया। मंडल की ओर से जारी आदेश में संबंधित शिक्षकों की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा भी की गई है।

### लसूड़िया में लगा स्वास्थ्य शिविर

# 'प्रोजेक्ट निरामय' से बुजुर्गों की आंखों में लौटी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देवास भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड (डीबीसीएल) ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत सीहोर बाईपास स्थित लसूड़िया परिहार पंचायत में एक विशेष स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। अपोलो फाउंडेशन की टीम द्वारा संचालित "प्रोजेक्ट निरामय" के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय बुजुर्गों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं। यहां सैकड़ों बुजुर्गों की आंखों की जांच की गई और जरूरतमंदों को तत्काल निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों का गहन परीक्षण



किया गया। वहां परीक्षण के उपरांत बुजुर्गों को विशेषज्ञों की सलाह पर आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

**प्रशासनिक सराहना और सामुदायिक प्रभाव**

लसूड़िया पंचायत के सरपंच रवींद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ संस्थाओं के प्रति जन-विश्वास को भी मजबूत करते हैं।

### वन्यजीव शिकार की घटनाओं ने विभाग की चिंता बढ़ाई

# नौरादेही टाइगर रिजर्व में वन अपराधों को रोकने नई पहल, एक्स-आर्मी मैन संभालेंगे वन्य जीवों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नौरादेही टाइगर रिजर्व में स्टाफ की कमी और लगातार बढ़ते वन अपराधों को देखते हुए अब वन्यजीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूर्व सैनिकों को सौंपी जा रही है। वन विभाग ने रिजर्व क्षेत्र में एक्स-आर्मी मैन की तैनाती का निर्णय लिया है, ताकि शिकार, अवैध कटाई और वन्यजीव तस्करी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

दरअसल, नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिले दो साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अब तक यहां फील्ड स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसी कारण वन और वन्यजीवों की सुरक्षा लगातार चुनौती बनी हुई है।


फाइल फोटो

**पूर्व सैनिकों के अनुभव का लाभ मिलेगा**

नई व्यवस्था के तहत पूर्व सैनिकों को वन रक्षकों और वनकर्मियों के साथ तैनात किया जाएगा। ये एक्स-आर्मी मैन सुरक्षा, गश्त और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी में सहयोग करेंगे। जानकारी के अनुसार, इनकी नियुक्ति जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से की जा रही है। पूर्व सैनिकों के अनुभव और अनुशासन का उपयोग वन्यजीव संरक्षण में किया जाएगा।

**स्टाफ की कमी के कारण कई क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग प्रभावित हो रही थी**

पिछले कुछ समय में क्षेत्र में वन अपराधों और वन्यजीव शिकार की घटनाओं ने विभाग की चिंता बढ़ाई है। अवैध लकड़ी कटाई, वन्यजीवों की तस्करी और शिकार के मामलों के चलते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, रिजर्व क्षेत्र का बड़ा हिस्सा संवेदनशील है। स्टाफ की कमी के कारण कई क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग प्रभावित हो रही थी।

**चीता प्रोजेक्ट के बाद बढ़ी संवेदनशीलता**

नौरादेही टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकार विशेष सतर्कता बरत रही है। यहां पहले से चीता प्रोजेक्ट को लेकर भी गतिविधियां तेज हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना वन विभाग की प्राथमिकता बन गया है। अधिकारियों का कहना है कि एक्स-आर्मी मैन की तैनाती से वन क्षेत्र में गश्त बेहतर होगी और वन अपराधों पर अंकुश लगेगा।

### आरपीएफ महानिदेशक ने ली हाई लेवल मीटिंग

# सिंहस्थः भीड़ प्रबंधन को लेकर रेलवे ने बनाया मेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ मेला 2028 की तैयारियों के संबंध में बुधवार को नर्मदा क्लब में सुरक्षा सम्मेलन एवं डीआरएम कार्यालय सभागृह में आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा के मार्गदर्शन में उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में भोपाल, संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर सिंहस्थ कुंभ में जाने व आने वाले लोगों की भीड़ प्रबंधन व यात्रियों की एंट्री और एग्जिट को लेकर रेलवे अधिकारी ने चर्चा कर मेगा प्लान बनाया। इस दौरान कहां कुंभ स्पेशल ट्रेनों को रोका जाएगा, कहां से चलाया जाएगा। इसके अलावा यात्रियों को कहां से प्रवेश दिया जाएगा। निकासी कहा से रखी जाएगी, इसको लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भोपाल स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन व अन्य व्यवस्था को देखने के लिए आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने स्टेशन का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान होल्डिंग एरिया एवं अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीआरएम पंकज त्यागी, महानिदेशक रेल लखनऊ, विशेष पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन, रेल सुरक्षा बल के पमरे, उत्तर मध्य रेल, पूर्व रेल एवं कोंकण रेल के महानिरीक्षक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अमेरिका-ईरान युद्ध संघर्षविराम पर उठे सवाल

# यूएई पर फिर हुआ मिसाइल और ड्रोन से हमला, वायु रक्षा प्रणाली ने रोका

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफल एयर इंटरसेप्शन के बाद गिरे किसी भी मलबे या टुकड़ों के पास न जाएं, उनकी तस्वीरें न लें और उन्हें हाथ न लगाएं

एजेंसी ▶▶ दुबई/ वॉशिंगटन

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को उन पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, जिन्हें वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया। हमले में फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। रक्षा मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफल एयर इंटरसेप्शन के बाद गिरे किसी भी मलबे या टुकड़ों के पास न जाएं, उनकी तस्वीरें न लें और उन्हें हाथ न लगाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हालिया सैन्य कार्रवाई को 'लव टैप' बताया है। इसका मतलब है कि यह प्यार या दुलार में की गई मामूली कार्रवाई है। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच लागू युद्धविराम अब भी प्रभावी है और हालिया घटनाओं को युद्ध की वापसी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

**होर्मुज में अमेरिकी सेनाओं ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया**


हमले के बाद दुबई के एक हिस्से से निकलता धुंआ

## समझौते की जरूरत ईरान को ज्यादाः ट्रंप



ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन समझौते की जरूरत अमेरिका से ज्यादा ईरान को है। ट्रंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। वे इस समझौते पर मुझसे ज्यादा हस्ताक्षर करना चाहते हैं। उन्होंने संकेत दिए कि अमेरिका फिलहाल दबाव की स्थिति में नहीं है, जबकि ईरान तेजी से किसी समझौते तक पहुंचना चाहता है।

### ईरान को फिर दी चेतावनी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को फिर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर युद्धविराम नहीं होता, तो दुनिया ईरान से उठती एक बड़ी चमक देखेगी। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने आज हमारे साथ खिलवाड़ किया और हमने उन्हें खत्म कर दिया। अगर युद्धविराम नहीं होगा, तो आपको कुछ जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, आप बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक देखेंगे। उन्हें जल्दी से जल्दी उस समझौते पर हस्ताक्षर कर देने चाहिए।

### *होर्मुज में बढ़ा तनाव*

*इससे कुछ घंटे पहले अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसेना के तीन जहाजों पर हुए ईरानी हमलों को रोक दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की, जो हमले के लिए जिम्मेदार थे। अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कहा कि उसकी सेना ने बिना उकसावे के हुए ईरानी हमलों को रोका और आत्मरक्षा में जवाबी हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि किसी भी जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। साथ ही उसने यह भी कहा कि वह तनाव बढ़ाना नहीं चाहता और अमेरिकी बलों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।*

### 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से सुरक्षित निकलेः भारत



विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत के चलते अब तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से निकल चुके हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में आगे प्रगति हो रही है और मंत्रालय लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। हमें प्रगति दिख रही है और इसी प्रगति, कूटनीतिक बातचीत और ईरान के साथ संवाद के चलते अब तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से बाहर निकल चुके हैं। अभी 13 जहाज फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं, ताकि बाकी जहाज भी सुरक्षित रूप से होर्मुज की खाड़ी पार करके भारत आ सकें, जो उनका अंतिम गंतव्य है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के एलजी को मिले बड़े अधिकार



**जम्मू।** केंद्र सरकार ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को केंद्र शासित प्रदेश में टेलीकॉम सेवाओं पर महत्वपूर्ण नियंत्रण अधिकार प्रदान कर दिए हैं। इन अधिकारों में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में सिग्नल इंटरसेप्शन, टेलीकॉम सेवाओं का निलंबन और संदेशों को डिक्रिप्ट करने की शक्तियां शामिल हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई। जिसमें टेलीकम्युनिकेशन एक्ट, 2023 की धारा 20 की उपधारा (2) के तहत शक्तियां दी गई हैं।

### चीन में नए राजदूत ने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी



**बीजिंग।** चीन में भारत के नए राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने सहायक विदेश मंत्री हांग लेई को अपने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी है। दोराईस्वामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने पर दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया। वर्ष 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी दोराईस्वामी अपना नया कार्यभार संभालने पिछले रविवार को बीजिंग पहुंचे थे जहां वरिष्ठ चीनी और भारतीय अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था। इससे पहले वे ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, 3 की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबू ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही गुरुवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर सिंगापुर के दो नागरिकों और इंडोनेशिया के एक नागरिक की मौत हो गई।

अमेरिका की फेडरल ट्रेड कोर्ट से राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका

फैसला 2-1 के बहुमत से पारित

# ग्लोबल टैरिफ की घोषणा गैरकानूनी सीमा का उल्लंघन किया, आदेश रद्द

*कोर्ट ने फैसला सुनाया कि यह कानून 1970 के दशक में मौजूद अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से जुड़े विशेष 'भुगतान-संतुलन' संकटों से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक व्यापार घाटे के लिए*



राष्ट्रपति ट्रंप ने इसी साल फरवरी में लगाए थे ये ग्लोबल टैरिफ

'व्यापार अधिनियम' की धारा 122 का गलत इस्तेमाल किया


फेडरल कोर्ट परिसर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के ग्लोबल टैरिफ की घोषणा को गैरकानूनी करार देते हुए उसे रद्द करने का फैसला सुनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ की घोषणा की थी। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने 1974 के एक व्यापार कानून के तहत अपनी अधिकार सीमा का उल्लंघन किया है। 2-1 के बहुमत वाले फैसले में, अमेरिका की फेडरल कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन 1974 के 'व्यापार अधिनियम' की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार और चालू खाते के घाटे को आधार बनाकर टैरिफ लगाने के लिए नहीं कर सकता। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि यह कानून 1970 के दशक में मौजूद अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से जुड़े विशेष 'भुगतान-संतुलन' संकटों से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिए आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं।

## कानून का सीमित परिस्थितियों में करना था उपयोग

अदालत ने कहा कि प्रशासन ने 'भुगतान-संतुलन घाटे' की बजाय चालू खाते के घाटे और व्यापार घाटे का हवाला दिया, जबकि 1974 में कांग्रेस का उद्देश्य सीमित परिस्थितियों में ही इस प्रावधान का उपयोग करना था। जजों ने चेतावनी दी कि इस तरह की व्यापक व्याख्या को स्वीकार करने से राष्ट्रपति को प्रभावी रूप से असीमित टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा।

### एक जज सहमत

इस फैसले पर जज टिमोथी स्टैंसियू ने राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के समर्थन में खड़े थे। उन्होंने तर्क दिया कि कोर्ट को राष्ट्रपति के आर्थिक निर्णयों पर सवाल नहीं उठाना चाहिए और न ही यह संकीर्ण रूप से परिभाषित करना चाहिए कि भुगतान-संतुलन घाटे को कैसे मापा जाता है।

## मामला फिर पहुंचेगा सुप्रीम कोर्ट

अब इस फैसले को अमेरिकी कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट में चुनौती दिए जाने की संभावना है और मामला दोबारा सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच सकता है। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। इसी साल की शुरुआत में भी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप की पिछली टैरिफ व्यवस्था को रद्द कर दिया था। नए टैरिफ की घोषणा धारा 122 के तहत की गई थी, जो 150 दिनों के लिए 15 प्रतिशत तक का अस्थायी आयात अधिभार लगाने की अनुमति देती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले टैरिफ खारिज किए जाने के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में नाराजगी जताते हुए कहा था, हम आगे बढ़ते रहेंगे। हम ज्यादा पैसा लाने में सफल होंगे। ट्रंप ने धारा 122 को अपने पास मौजूद बहुत शक्तिशाली विकल्पों में से एक बताया था।

### *दो कंपनियों ने दी थी चुनौती*

*यह मामला दो आयातक कंपनियों बर्लेप और बैरल और खिलौना कंपनी बेसिक फन के साथ-साथ वॉशिंगटन राज्य द्वारा अदालत में चुनौती दिए जाने के बाद सामने आया। अदालत ने इनके पक्ष में फैसला सुनाया। हालांकि कुछ अन्य डेमोक्रेटिक राज्यों की याचिकाएं तकनीकी आधार पर खारिज कर दी गईं।*

### *कानूनी बहस तेज*

*इस बीच ट्रंप की कार्यकारी शक्तियों के इस्तेमाल को लेकर राजनीतिक और कानूनी बहस भी तेज हो गई है। कई आलोचकों, यहां तक कि कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने भी कहा है कि टैरिफ लगाने का संवैधानिक अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि व्हाइट हाउस के पास। सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल पहले ही कह चुके हैं कि कांग्रेस को दरकिनार कर आपातकालीन शक्तियों के जरिए टैरिफ लागू करना गैरकानूनी है।*

**ट्रंप का ईयू को अल्टीमेटम**

### *4 जुलाई तक ट्रेड डील मंजूर नहीं हुई तो बढ़ेंगे टैरिफ*

*इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) को बड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर यूरोपीय संघ ने पिछले साल हुए व्यापार समझौते को 4 जुलाई तक मंजूरी नहीं दी, तो अमेरिका यूरोप से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क बढ़ा देगा। इस बयान के बाद अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापारिक तनाव फिर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसके बाद उन्होंने यूरोप को कुछ और समय देने का फैसला किया। इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यूरोपीय कारों पर 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है। अब माना जा रहा है कि उन्होंने फिलहाल उस फैसले को टाल दिया है।*

सूरीनाम में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# चुनौतीपूर्ण दुनिया में विश्वसनीय साझेदारी से ही 'प्रगति' संभव


सूरीनाम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का संबोधन

एजेंसी ▶▶ पारामारिबो

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर कैरेबियन के तीन देशों के चल रहे दौरे पर हैं, जो 2 से 10 मई तक चलेगा। इस दौरान जयशंकर ने सूरीनाम की राजधानी पारामारिबों में में 'प्रगति के लिए साझेदारी' विषय पर भाषण दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में भी प्रगति आवश्यक है। और यह साझेदारी के माध्यम से ही सर्वोत्तम रूप से प्राप्त की जा सकती है। सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा की उपस्थिति में जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलते समीकरणों को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया में वित्त, संसाधनों, तकनीक, कनेक्टिविटी और भूगोल तक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही और वैश्विक शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कभी अमेरिका को ऊर्जा आयातक देश माना जाता था, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा निर्यातकों में शामिल हो गया है, जिसका वैश्विक नीतियों पर बड़ा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक ऐसे नए दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है और अनिश्चितता पहले से कहीं अधिक हो गई है।

### *सूरीनाम के विकास में भारत सहयोगी*

*सूरीनाम समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियां अब बाजार, संसाधनों और प्रभाव का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों को साधने के लिए कर रही हैं। भारत और सूरीनाम जैसे देश एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बदलती विश्व व्यवस्था में भरोसेमंद साझेदारी और वैश्विक सहयोग की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। भारत सूरीनाम के विकास पथ में भागीदार बनेगा और संयुक्त रूप से भारत के इतिहास का अगला अध्याय लिखेगा। कोविड महामारी का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि उस समय कई देशों ने वैक्सीन का जमाखोरी की थी। उन्होंने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि एक विकसित देश ने अपनी आबादी से आठ गुना ज्यादा वैक्सीन जमा कर ली थी। इसके विपरीत भारत ने वैश्विक जिम्मेदारी निभाते हुए बड़ी संख्या में देशों और अंतरराष्ट्रीय पहलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि एक अच्छे साझेदार की पहचान यही है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक कल्याण के बीच संतुलन बनाए। जयशंकर ने कहा कि भारत ने महामारी के दौरान यही दृष्टिकोण अपनाया और जरूरतमंद देशों की मदद के लिए आगे आया।*

### *भारत वैश्विक विकास को गति दे रहा*

*एस जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार इस वर्ष वैश्विक आर्थिक वृद्धि में भारत का योगदान 17 प्रतिशत रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है और वैश्विक विकास को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा है।*

अवामी लीग का सरकार पर आरोप

# बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ रही हिंसा चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 2025 में हिंसा में भारी उछाल के बाद इस साल भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर डर और असुरक्षा का माहौल है। अवामी लीग ने आरोप लगाया कि देशभर में लगभग हर दिन रेप, गैंगरेप, यौन उत्पीड़न और ऐसे अपराधों के बाद हत्याओं की खबरें आ रही हैं। ये घटनाएं अलग-अलग मामले नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपात स्थिति का संकेत हैं। पार्टी ने तारिक रहमान के



नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सरकार पर शासन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया। ढाका के राइट्स ग्रुप ऐन ओ सलीश केंद्र (एएसके) के डाटा का हवाला देते हुए अवामी लीग ने कहा कि अकेले जनवरी 2026 में 10 गैंगरेप समेत 35 रेप केस रिपोर्ट किए गए, जिनमें 13 पीड़ित 12 साल या उससे कम उम्र के थे।

यूएन में बोले जर्मन अधिकारी

# स्किल्ड वर्कर्स के लिए भारत पसंदीदा देश, भारतीयों में असाधारण योग्यता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लॉडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम के दौरान लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक 'ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए,



मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है।

# आईओएस सागर चटगांव पहुंचा



### भारत-बांग्लादेश समुद्री सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

*ढाका। भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ती समुद्री साझेदारी को दिखाते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) सागर बंगाल की खाड़ी से सफलतापूर्वक गुजरने के बाद शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पहुंच गया। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग के मुताबिक, यह महत्वपूर्ण पोर्ट कॉल आईओएस सागर 2026 बहुराष्ट्रीय तैनाती कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समुद्री उत्कृष्टता और क्षेत्रीय समन्वय को मजबूत करना है। भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर बताया, बांग्लादेश के पानी में बीएनएस अली हैदर (एफ17) ने इसका स्वागत किया और उसे बंदरगाह तक एस्कॉर्ट किया गया।*

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश को एक और बड़ी उपलब्धि

# ओडिशा तट पर डीआरडीओ ने किया 'तारा' का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम 'टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन' (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

'तारा' भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम


ओडिशा में तारा का सफल परीक्षण

## सटीक निशाना लगाने में माहिर

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तारा भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है। इसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिए पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है।

### *कम लागत का अत्याधुनिक हथियार*

*'तारा' का उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें। ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। तारा प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।*

### *सभी तकनीकी मानक सफल रहे*

*रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस सफल परीक्षण के दौरान सिस्टम के प्रदर्शन और सभी तकनीकी मानकों का आकलन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। यह उपलब्धि भारत की स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमता और अत्याधुनिक सैन्य तकनीक विकसित करने की दिशा में बढ़ती ताकत को दर्शाती है।*

### *रक्षा मंत्री ने दी बधाई*

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और परियोजना से जुड़े उद्योग साझेदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तारा का सफल परीक्षण भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को नई मजबूती देगा और देश को रक्षा तकनीक के क्षेत्र में और अधिक आत्मनिर्भर बनाएगा।*

## एआई, अंतरिक्ष और सांस्कृतिक विरासत पर सहयोग करने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान में जारी भीषण तनाव के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। अबूधाबी में विदेश सचिव मिस्त्री ने फ्रांस और यूएई के साथ त्रिस्तरीय बैठक की। विक्रम मिस्त्री ने दोनों देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य फोकस एआई, अंतरिक्ष और सांस्कृतिक विरासत पर था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने यूएई के अंतरराष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिमी और फ्रांस के यूरोप और विदेश मंत्रालय के सेक्रेटरी जनरल मार्टिन ब्रायन्स के साथ 7 मई, 2026 को अबू धाबी में भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय मीटिंग में हिस्सा लिया।



**खबर संक्षेप**

### वॉलमार्ट ने ग्रोथ समिट 2026 का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया। इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डी2सी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें। वॉलमार्ट इंक के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जॉन फर्नर ने कहा कि आज के वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत सबसे ज्यादा गतिशील अवसरों का प्रतिनिधित्व करता है।

### मेघालय का शिलांग लिटरेरी फेस्टिवल शुरू

**नई दिल्ली।** मेघालय पर्यटन विभाग दो दिवसीय बीकानेर हाउस में 'शिलांग लिटरेरी फेस्टिवल 2026 - न्यू दिल्ली प्रील्यूड' का आयोजन किया। दो दिवसीय यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ और 9 मई यानी यानी शनिवार तक चलेगा। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख साहित्यकार, कलाकार, फिल्मकार और रचनात्मक जगत की हस्तियां शामिल होंगी।कार्यक्रम में साहित्य, सिनेमा, संस्कृति, भोजन, पहचान और पूर्वोत्तर भारत की रचनात्मक विरासत पर केंद्रित चर्चाएं, संवाद, पाठ और प्रस्तुतियां आयोजित की गई है।

### नेटफ्लिक्स ने पेश किया 'कर्तव्य' का ट्रेलर

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स नेक्राइम ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' का दमदार ट्रेलर जारी किया है, फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है। इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं।

# हल्दी पीक सीजन में सामान्य से कम आवक रहने से कीमतों में तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में मसाला बाजार में इन दिनों हल्दी और धनिया की कीमतों में तेजी का माहौल बना हुआ है। बाजार में कम आवक और मांग बने रहने के कारण दोनों प्रमुख मसालों के थोक भाव में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मसाला व्यापारी अनिल कुकरेजा के अनुसार पिछले कुछ दिनों से मंडियों में माल की आवक कमजोर बनी हुई है, जिसका सीधा असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है।

थोक बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली हल्दी और धनिया के भाव 14 हजार से 15 हजार रुपएप्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। जो कि पंद्रह दिन पहले 12000 से 13000 रुपए प्रति क्विंटल के थे। अतः धनिया और हल्दी दोनों के भाव में 2000 से 3000 रुपए प्रतिक्विंटल की तेजी दर्ज हुई। उनके अनुसार दोनों के भाव में अभी और तेजी आएगी। क्योंकि बीते साल की तुलना में इन दोनों मसाला फसलों का उत्पादन इस साल आधी है। बताया जा रहा है कि किसानों द्वारा सीमित मात्रा में माल बाजार में लाया जा रहा है, जबकि मांग लगातार बनी हुई है। इसके चलते बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। मसाला कारोबारियों के मुताबिक आगामी दिनों में आवक में सुधार नहीं हुआ तो कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। वहीं खुदरा बाजार में भी इसका असर दिखाई देने लगा है, जिससे उपभोक्ताओं को मसालों के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**भोपाल में हल्दी धनिया के थोक भाव 15000 से 16000 रुपए प्रति क्विंटल**



**इस बार मंडियों में सामान्य से कम आवक**

मसाला व्यापारी रितेश कुकरेजा ने बताया कि हल्दी के पीक सीजन के दौरान इस बार मंडियों में सामान्य से कम आवक देखने को मिल रही है, जिसके चलते बाजार में कीमतों में तेजी दर्ज की जा रही है। उत्पादन प्रभावित होने और किसानों द्वारा सीमित मात्रा में उपज बेचने के कारण बाजार में हल्दी की उपलब्धता कम बनी हुई है। उन्होंने कहाकि मांग लगातार बनी हुई है, जबकि अपेक्षित आवक नहीं होने से दामों में सुधार देखने को मिल रहा है। कई प्रमुख मंडियों में हल्दी के भाव पिछले दिनों की तुलना में बढ़े हैं। विशेष रूप से अच्छी गुणवत्ता वाली हल्दी की मांग अधिक रहने से उसके दामों में और तेजी आई है। जानकारों के मुताबिक आगामी दिनों में आवक की स्थिति और घरेलू मांग के आधार पर हल्दी बाजार में तेजी का रुख बना रह सकता है। फिलहाल कम आवक के कारण बाजार में हल्दी के दाम मजबूत बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि देर से काटी गई और ज्यादा नमी वाली उपज को रियायती दरों पर बेचा जा रहा है, खासकर औसत गुणवत्ता वाली किस्मों को। उन व्यापारियों द्वारा मुनाफा-वसूली करने से भी कीमतें में बढ़त सीमित रही, जिन्होंने कम कीमतों पर स्टॉक जमा किया था। मूल रूप से, आपूर्ति की स्थिति अभी भी काफी हद तक सीमित है।

**आपूर्ति की स्थिति अभी भी काफी हद तक सीमित**

### थोक बाजार में शक्कर मीडियम 4320 से 4330 रुपए

## भोपाल में गर्मी का असरः शक्कर की बिक्री दोगुनी, रोजाना करीब 250 टन की खपत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बढ़ती गर्मी के साथ राजधानी में शक्कर की मांग भी बढ़ी गई है। भोपाल शहर में इन दिनों रोजाना करीब 250 टन शक्कर की खपत बिक रही है, जो सामान्य दिनों की तुलना से अधिक बताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार तेज गर्मी में शरबत, ठंडे पेय और मिठाइयों की मांग बढ़ने से शक्कर की बिक्री में तेजी आई है।

हनुमान गंज स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक और थोक शकर व्यापारी देवादंन सचदेवा के अनुसार स्थानीय थोक बाजार में शक्कर मीडियम 4320 से 4330 रुपए क्विंटल, डबल एस शक्कर 4250 से 4260 रुपए और शक्कर एस 4220 से 4230 रुपए क्विंटल के भाव बिक रही है। जबकि खुदरा बाजार में शक्कर 45 से 46 रुपए किलो के भाव बिक रही है। कारोबारी बताते है कि अप्रैल और मई में तापमान बढ़ते ही बाजार में शक्कर की डिमांड तेजी से बढ़ी। होटल, जूस सेंटर, मिठाई दुकानों और घरेलू उपयोग के लिए लोग ज्यादा मात्रा में शक्कर खरीद रहे हैं।

व्यापारियों के मुताबिक सामान्य दिनों में भोपाल में करीब 200 टन रोजाना की शकर होती है लेकिन इन दिनों 250 टन शक्कर की खपत हो रही थी, उम्मीद है कि गर्मी और बढ़ने से यह आंकड़ा बढ़कर 300 टन प्रतिदिन तक पहुंच जाएगा।

***डबल एस शक्कर 4250 से 4260 रुपए और शक्कर एस 4220 से 4230 रुपए***



### ग्लूकोज ड्रिंक, शिकंजी लस्सी के लिए मांग

वहीं, मांग बढ़ने से बाजार में कीमतों में भी हल्का असर देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी में ग्लूकोज ड्रिंक, शिकंजी, लस्सी और अन्य ठंडे पेय पदार्थों की खपत बढ़ने से शक्कर की बिक्री हर साल बढ़ती है, लेकिन इस बार रिकॉर्ड स्तर पर मांग देखी जा रही है।

## पेट्रोल पंप डीलर्स के लिए वैट में डीम्ड कर निर्धारण योजना लागू करने की मांग तेज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पेट्रोल पंप डीलर्स एवं कर सलाहकारों ने वर्ष 2024-25 के वेट कर निर्धारण के लिए पूर्व वर्षों की तरह डीम्ड कर निर्धारण योजना लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में एडवोकेट मृदुल आर्य ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पेट्रोल पंप डीलर्स के वार्षिक वेट कर निर्धारण के लिए राज्य सरकार द्वारा डीम्ड कर निर्धारण योजना लागू की जाती रही है, लेकिन वर्ष 2024-25 के लिए अब तक इसकी घोषणा नहीं हुई है। जबकि वेट कर निर्धारण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप डीलर्स द्वारा तेल कंपनियों से खरीदे जाने वाले पेट्रोल एवं डीजल पर अधिकतम बिक्री मूल्य (एमआरपी) के आधार पर पहले ही वेट कर की वसूली कर ली जाती है। ऐसे में डीलर्स पर अतिरिक्त कर देयता नहीं बनती। इसी कारण उन्हें नियमित कर निर्धारण की जटिल प्रक्रिया से राहत देने के उद्देश्य से राज्य सरकार हर वर्ष डीम्ड कर निर्धारण योजना लागू करती रही है। बताया गया कि विभागीय अधिकारियों ने अब कर निर्धारण के लिए सूचना पत्र जारी करना शुरू कर दिया है, जिससे पेट्रोल पंप संचालकों में चिंता बढ़ गई है। कर सलाहकारों और डीलर्स का कहना है कि यदि जल्द योजना लागू नहीं की गई तो डीलर्स को अनावश्यक प्रशासनिक एवं दस्तावेजी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कर सलाहकारों ने यह मांग भी रखी है कि पेट्रोल और डीजल को वेट अधिनियम के अंतर्गत "कर चुकाई गई वस्तु" के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि पेट्रोल पंप डीलर्स के कर निर्धारण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं विवाद रहित बन सके।

## डॉलर के दबदबे को चुनौतीः चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता, ट्रंप प्रशासन को मिली चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं।

टेड बड और जीन शाहीन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने की बीजिंग की कोशिश से अमेरिका और उसके साथियों के लिए आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा है। प्रस्ताव के साथ जारी एक बयान में बड ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगातार सहयोग और लगातार सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिकी डॉलर ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर अपना स्टेटस बनाए रखे।' उन्होंने कहा, 'वर्षों से, चीन, अमेरिका और हमारे साझेदारों की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को निशाना बनाते हुए अपने वैश्विक वित्तीय असर को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बड ने चेतावनी दी कि चीन को 'ग्लोबल करेंसी फ्लो को बढ़ाने और दूसरा फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की इजाजत देना नीति की विफलता होगी जो दुनिया की अर्थव्यवस्था को विभाजित कर सकता है। इससे फ्री मार्केट की लगातार ग्रोथ को खतरा हो सकता है, खासकर विकासशील देशों में।' उन्होंने कहा, अमेरिकी डॉलर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिरता और खुशहाली लाने वाली भूमिका बनाए रखनी चाहिए।

**डॉलर का दबदबा, अमेरिकी ताकत से जुड़ा**

शाहीन ने कहा कि डॉलर का दबदबा सीधे तौर पर अमेरिकी आर्थिक ताकत और ग्लोबल असर से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी डॉलर को ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर बनाए रखना न सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था की लंबे समय की स्थिरता और खुशहाली के लिए जरूरी है, बल्कि यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी बहुत जरूरी है।' इसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा का जिक्र है, जिससे पता चलता है कि 1999 में ग्लोबल करेंसी रिजर्व में डॉलर का हिस्सा लगभग 71 फीसदी था, लेकिन 2025 की तीसरी तिमाही तक यह घटकर 56.82 फीसदी रह गया। इसी समय के दौरान चीनी युआन का हिस्सा 1.93 फीसदी था।

# पश्चिम एशिया संकट से राहतः एसबीआई ग्राहकों को देगा 80 हजार करोड़ रुपए तक का लोन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय कारोबारों और एमएसएमई सेक्टर को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा आर्थिक कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 2.55 लाख करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ इमरजेंसी



क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) 5.0 को आधिकारिक मंजूरी दे दी है।

इसके तहत भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को 70 हजार से 80 हजार करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त वर्किंग कैपिटल लोन उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने बताया कि बैंक के पास सभी पात्र ग्राहकों का पूरा डेटाबेस पहले से मौजूद है और दिशा-निर्देश जारी होते ही ऋण वितरण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना एहतियाती और सक्रिय कदम के रूप में लाई गई है ताकि संकट की स्थिति में कारोबारों को तुरंत वित्तीय सहायता मिल सके।

### 1.1 करोड़ से ज्यादा कारोबारियों को लाभ की संभावना

एसबीआई के आकलन के अनुसार पूरे बैंकिंग सिस्टम में 1.1 करोड़ से अधिक लाभार्थी इस योजना का फायदा उठा सकते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित उद्योगों को पर्याप्त लिक्विडिटी उपलब्ध कराना और सप्लाई चेन पर पड़ रहे असर को कम करना है। नई योजना के तहत सभी एमएसएमई इकाइयों को पात्र माना गया है, जबकि शेष राशि संकट से प्रभावित गैर-एमएसएमई उधारकर्ताओं को दी जाएगी। एविएशन सेक्टर के लिए 5,000 करोड़ रुपये का अलग प्रावधान किया गया है। एयरलाइंस कंपनियों को राहत देने के लिए इनके लोन भुगतान की अवधि 7 वर्ष तय की गई है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने बताया कि सामान्य व्यवसायों के लिए ऋण चुकाने की अवधि 4 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है।

## प्राकृतिक संसाधन ही ग्रामीण आय सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन का आधारः ध्रुवी शाह

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक फाउंडेशन की सीईओ ध्रुवी शाह ने कहा है कि जल, मिट्टी और वन जैसे प्राकृतिक संसाधन ग्रामीण समुदायों की आय सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन की सबसे मजबूत नींव हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का सतत और वैज्ञानिक प्रबंधन न केवल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाता है, बल्कि उन्हें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनाता है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**आम नीलामी सूचना**

जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पुराने बैग सूटकेस जिनमें नए पुराने कपड़े, पानी की बोतल (1 ली.) एवं पुरानी उपयोग की गई रद्दी इत्यादि सामग्री की नीलामी की जाना है।

उक्त सामग्री की नीलामी जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दिनांक 20.05.2026 दिन बुधवार को प्रात: 12.00 बजे की जायेगी। अत: उक्त नीलामी के इच्छुक बोलीकर्ता समयानुसार उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।

(हस्ता.)

सहायक वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /17/मई 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकण्टक जिला - अनूपपुर (म. प्र.)**

**निविदा अधिसूचना**


सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकण्टक, जिला - अनूपपुर (म. प्र.) हेतु विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति जैसे अनाज एवं किराना, सब्जी एवं फल, दैनिक उपभोग सामग्री/टॉयलेट आइटम, कार्यालय एवं छात्र स्टेशनरी सामग्री, खेल सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री, विद्युत सामग्री, प्लंबिंग हार्डवेयर सामग्री, कम्प्यूटर हार्डवेयर सामग्री, संगीत सामग्री, हेयर कटिंग, कपड़ा धुलाई एवं प्रेस, दवाई सामग्री, कबाड़ सामग्री विक्रय, विद्यालय वाहन (किराया) आदि करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/निमार्ता/आपूर्तिकर्ता/कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र/दस्तावेज रु.500.00 (रु. पांच सौ मात्र) प्रति सेट के हिसाब से प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकण्टक जिला-अनूपपुर (म.प्र.) के कार्यालय से दिनांक 09.05.2026 से दिनांक 30.05.2026 अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, इस विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अर्नेस्ट मनी/धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जनवि अमरकण्टक के पक्ष में) प्राचार्य के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2026 सायं 04.00 बजे तक है। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सामग्री एवं अमानत/धरोहर राशि का विवरण**

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | धरोहर राशि | क्र. सं. | सामग्री का नाम | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अनाज एवं किराना | 30000.00 | 09 | कम्प्यूटर हार्डवेयर सामग्री | 5000.00 |
| 02 | सब्जी एवं फल | 10000.00 | 10 | संगीत सामग्री | 5000.00 |
| 03 | दैनिक उपभोग सामग्री/ टॉयलेट आइटम | 5000.00 | 11 | हेयर कटिंग | 1000.00 |
| 04 | स्टेशनरी सामग्री (कार्यालय एवं छात्र) | 5000.00 | 12 | कपड़ा धुलाई एवं प्रेस | 1000.00 |
| 05 | खेल सामग्री | 5000.00 | 13 | मेडिसिन ब्राण्डेड कं | 2000.00 |
| 06 | लैब सामग्री | 5000.00 | 14 | कबाड़ सामग्री विक्रय | 1000.00 |
| 07 | विद्युत सामग्री | 5000.00 | 15 | विद्यालय वाहन (किराया) | 5000.00 |
| 08 | प्लंबिंग हार्डवेयर सामग्री | 5000.00 | | | |

प्राचार्य
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकण्टक
जिला - अनूपपुर (म. प्र.)

## शब्द पहेली - 6220



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6219 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | रा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल 6230

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 6229 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
**494 रन**
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
**17 विकेट**
बेंगलुरु

थामस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर कहा

# बस चाहता हूं सभी खेलों की सफलता का जश्न मनाएं : सात्विक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। सात्विक ने हालांकि स्वदेश लौटने पर सोशल मीडिया पर उनकी उपलब्धि को अपेक्षित पहचान न मिलने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं।

### मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने नहीं

सात्विक ने लिखा, ''पिछले कुछ दिनों में थॉमस कप कांस्य पदक को लेकर मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया। मैं लोगों के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं, लेकिन मैं अपने इरादे को स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि कई लोग मूल मुद्दे से भटकते नजर आ रहे हैं।''उन्होंने लिखा, ''मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने या किसी और की उपलब्धियों का श्रेय कम करने की भावना से नहीं आए थे।



### सात्विक ने सोशल मीडिया पर अपनी पीढ़ा साझा की

डेनमार्क से वापस आने के बाद सात्विक ने लिखा था, ''अब घर वापस आ गया हूं। हमेशा की तरह, पिछले दो सप्ताहों में क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं है और ऐसा लगता है कि किसी को वास्तव में इसकी परवाह भी नहीं है।''इस 25 साल के खिलाड़ी ने शुक्रवार को अपने विचारों को और स्पष्ट करने के लिए एक और सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया।

### देश हमारे प्रयासों को महसूस करे, जुनून का समर्थन दें

सात्विक ने कहा, ''हमें न पैसे चाहिए, न भव्य परेड; हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि हमारा देश हमें देखे और हमारे प्रयासों को महसूस करे। चलिए हम सभी खेलों को समान उत्साह और जुनून के साथ समर्थन दें।'' उनकी भावनाओं का समर्थन उनके जोड़ीदार चिराग ने भी किया। चिराग ने देश के खेल प्रेमियों से अपील की कि वे हर उस खिलाड़ी का सम्मान करें जो भारत की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करता है।

### देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी का मैं सम्मान करता हूं

मैं हर उस खिलाड़ी का बेहद सम्मान करता हूं जो किसी भी खेल में भारत का नाम रोशन करता है।'' सात्विक ने कहा, ''मेरा संदेश केवल इतना था कि हमें ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहां हर छोटी या बड़ी जीत का उत्साहपूर्वक से जश्न मनाया जाए।'' उन्होंने कहा कि थॉमस कप जैसे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन खिलाड़ियों के वर्षों के त्याग और कठिन मेहनत का परिणाम होता है और जब ऐसी उपलब्धियों पर 'चुप्पी छा जाती' है तो यह 'बेहद निराशाजनक' लगता है।

### भविष्य के खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक होता है

सात्विक ने लिखा, ''चाहे वह विश्व कप का पदक हो या थॉमस कप जैसे वैश्विक टूर्नामेंट में पोडियम फिनिश, ये पल वर्षों की मेहनत और बलिदान का प्रतिनिधित्व करते हैं।'' इस खिलाड़ी ने कहा, ''जब ऐसी उपलब्धियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो यह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं बल्कि भविष्य के खिलाड़ियों के लिए भी निराशाजनक होता है, जो हमें देखकर प्रेरणा लेते हैं।''

विश्व कप तीरंदाजी

## सिमरनजीत व साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा



एजेंसी ▶▶| शंघाई

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था।

सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है।

### पुरुषों में अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा

भारतीय पुरुषों में पूर्व नंबर एक अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा और वह बांग्लादेश के मोहम्मद मिशाद प्रधान के हाथों पहले ही दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पारंपरिक रूप से भारत की ताकत मानी जाने वाली कंपाउंड स्पर्धाओं में पहले बड़ी निराशा हाथ लगी थी क्योंकि कोई भी भारतीय टीम पदक राउंड तक नहीं पहुंच सकी।

शतरंज

## रैपिड में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे डी गुकेश



एजेंसी ▶▶| वारसॉ (पोलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की।

रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला। अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन ने 13 अंकों के साथ इस वर्ग का विजेता बनकर इतिहास रचा। नीमन ने अपने हमवतन वेस्ली सो को पूरे एक अंक से पीछे छोड़ा। फेडोसेव 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश ने कहा, ''रैपिड वर्ग में मेरा प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा। मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन मैं कुछ मौके चूक गया।


### ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में होगा

*नई दिल्ली। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ''खेल के प्रति भारत का जुनून और इसका तेजी से बढ़ता शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र इसे लीग के लिए एक स्वाभाविक गंतव्य बनाता है।*

## क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल: डिवैक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनबीए के महान खिलाड़ी व्लाडे डिवैक इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में क्रिकेट नंबर एक खेल है लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि बास्केटबॉल भी देश में अपनी जगह बना लेगा। सैक्रामेंटो किंग्स के सात फीट एक इंच लंबे इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को यहां अमेरिकन सेंटर में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ बास्केटबॉल खेली। डिवैक ने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। बच्चे काफी प्रतिभाशाली हैं।'' दो ओलंपिक रजत पदक (1988 और 1996) और दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक (1990 और 2002) के विजेता डिवैक ने युवा खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया। उन्होंने कहा, ''मैं लड़कियों के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हूं। भारत बड़ा देश है और यहां बहुत सारे बच्चे हैं। भारत अगर सही राह पर चले तो वह इस खेल में मजबूत शक्ति बन सकता है। एनबीए एक वैश्विक ब्रांड है और भविष्य में हमारे पास भारत से कुछ एनबीए खिलाड़ी हो सकते हैं।''भारत की एनबीए में पहले भी उपस्थिति रही है, जब कनाडा में जन्मे सिम भुल्लर 2015 में लीग के साथ अनुबंध करने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने थे। संयोग से यह सैक्रामेंटो किंग्स ही था जिसने उन्हें टीम में शामिल किया था और उस समय डिवैक टीम के बास्केटबॉल संचालन के उपाध्यक्ष थे। सतनाम एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय बने सतनाम सिंह एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2015 में डलास मावेरिक्स से अनुबंध किया था। डिवैक ने कहा, ''भारत एक विशाल देश है जिसके लोग बेहद खूबसूरत हैं।






नोटशीट के जरिए रचा गया भ्रष्टाचार का जाल, बिना टेंडर और नियमों को दरकिनार कर हुई खरीदारी का आरोप

# टीबी मुक्त भारत अभियान में करोड़ों का खेल? डीपीसी सुनील शर्मा पर गंभीर आरोप, ईओडब्ल्यू ने शुरू की जांच

हरिभूमि, जबलपुर।

स्वास्थ्य विभाग में एक बार फिर भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत पदस्थ जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सुनील शर्मा पर एक करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितता करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) तक पहुंचने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। शिकायतकर्ता अरविंद मिश्रा की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने शिकायत क्रमांक 268/2026 दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### कर्तव्यों की आड़ में अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप

शिकायत में कहा गया है कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार डीपीसी के जिम्मे बजट प्रबंधन, खरीद प्रक्रिया की निगरानी और स्टॉक सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व थे। आरोप है कि सुनील शर्मा ने इन्हीं अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए नोटशीट के जरिए कथित भ्रष्टाचार की पटकथा तैयार की। बताया गया है कि नोटशीट पर पहला हस्ताक्षर स्वयं डीपीसी शर्मा का था, लेकिन बाद में वरिष्ठ अधिकारियों की स्वीकृति को ढाल बनाकर जवाबदेही से बचने का प्रयास किया गया। शिकायत में तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और पूर्व डीपीएम आदित्य तिवारी पर भी संरक्षण देने के आरोप लगाए गए हैं।




### बिना टेंडर और मांग पत्र के खरीदारी का आरोप

शिकायत के अनुसार सरकारी खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। आरोप है कि सामग्री खरीदने के लिए न तो अधिकृत मांग पत्र जारी किया गया और न ही प्री-अप्रूवल नोटशीट ली गई। विभागीय क्रय समिति की अनुशंसा, टेंडर प्रक्रिया और स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि जैसे नियमों का भी पालन नहीं किया गया। यह भी आरोप है कि मप्र पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल की दर सूची में सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद निजी फर्मों से ऊंची दरों पर खरीदारी की गई। यहां तक कि आपातकालीन स्थिति में अल्पकालीन निविदा जारी करने का विकल्प भी नहीं अपनाया गया।

### तीन निजी फर्मों को लाभ पहुंचाने का आरोप

शिकायतकर्ता का दावा है कि तीन निजी फर्मों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कागजों में फर्जी खरीद दिखाकर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। आरोप है कि सामग्री की वास्तविक उपलब्धता संदिग्ध होने के बावजूद तत्कालीन डीपीएम आदित्य तिवारी ने सत्यापन किया और तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने अनुमोदन प्रदान किया। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि इन फर्मों के लंबित भुगतान तत्काल रोके जाएं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### पहले भी विवादों में रहे अधिकारी

गौरतलब है कि इससे पहले भी तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और डीपीएम आदित्य तिवारी पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे थे। उस मामले में जांच के बाद शासन ने डॉ. मिश्रा को पद से हटाकर निलंबित किया था, जबकि आदित्य तिवारी से प्रभार वापस ले लिया गया था। अब सवाल उठ रहा है कि क्या फाइलों और नोटशीटों के नीचे दबा यह कथित भ्रष्टाचार उजागर हो पाएगा या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

हाई कोर्ट ने छतरपुर कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार से मांगा जवाब

# महज लिमिटेशन के आधार पर प्रकरण कैसे किया निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर छतरपुर, एसडीएम लवकुशनगर, तहसीलदार चंदला सहित अन्य को नोटिस जारी किए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने पूछा कि महज लिमिटेशन के आधार पर प्रकरण निरस्त कैसे किया गया। चार सप्ताह में जवाब-तलब किया गया है।

याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी राजेंद्र अहिरवार की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की पैतृक संपत्ति और कृषि भूमि है, जिस पर वे करीब 40-50 वर्षों से काबिज हैं। 10-15 वर्ष पहले सह खातेदारों से आपसी बंटवारा हो गया था। सभी खातेदार आज भी उसी बंटवारे के अनुसार काबिज हैं। उक्त भूमि के सह खातेदार नत्थू द्वारा बंटवारा पेश कर पटवारी से सांठ-गांठ कर भूमि अपने नाम करवा ली गई। इसकी याचिकाकर्ता को जानकारी नहीं दी गई। लिहाजा, बाद में



एसडीएम के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया। एसडीएम ने चार वर्ष के विलंब के आधार पर मामला निरस्त कर दिया गया। लिहाजा, कलेक्टर के समक्ष अपील की। कलेक्टर ने सुनवाई का अवसर दिए बिना प्रकरण निरस्त कर दिया। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

# बरगी बांध क्रूज हादसे पर हाईकोर्ट में दूसरी जनहित याचिका दायर

**जबलपुर।** गत 30 अप्रैल को बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे के मामले पर शुक्रवार को मप्र हाईकोर्ट में दूसरी जनहित याचिका दायर की गई है। पहले जिला अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद राजधानी भोपाल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कमल कुमार राठी ने हाईकोर्ट में इस हादसे को लेकर एक जनहित याचिका दायर की। अब जबलपुर की सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा तिवारी ने याचिका दायर की है। इस मामले में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को मामले में दोषी बताते हुए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव टीम का गठन करने की मांग की गई है। याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। पुष्पा तिवारी की जनहित याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने जिस तरह का रुख इस मामले में अपनाया है, उससे यह स्पष्ट है कि सरकार



जिम्मेदारों को बचाना चाहती है। इसलिए मामले में एक एसआईटी गठन की मांग की गई है, जिसमें आईजी स्तर के अधिकारी जांच में शामिल हों। जनहित याचिका में कहा गया है कि जब मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया था तब ऐसी स्थिति में क्रूज को बांध में क्यों भेजा गया? यह सीधे तौर पर लापरवाही प्रदर्शित करता है। इसके साथ ही ऐसी क्या जल्दी थी कि क्रूज को इतनी जल्दी डिस्मेंटल कर दिया गया?

जबलपुर विजिलेंस जांच में खुलासा : 2.36 करोड़ का ज्यादा हो गया भुगतान

# पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में वित्तीय अनियमितता

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में जबलपुर मुख्यालय की विजिलेंस टीम की जांच के बाद वित्तीय अनियमितता का खुलासा किया है। रेलवे की विजिलेंस विभाग ने जांच के बाद इस गड़बड़ी का खुलासा किया, जिसमें कहा गया है कि अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना और ओपन लाइन के कार्यों में लगे 17 ठेकेदारों को 2 करोड़ 36 लाख रुपए अधिक भुगतान कर दिया गया। विजिलेंस विभाग की जांच रिपोर्ट आने के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मुख्यालय ने इस अतिरिक्त भुगतान की वसूली के लिए कोटा मंडल के रेल अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

दरअसल इस पूरे विवाद के पीछे टेंडर के दस्तावेजों में दी गई दरों में विसंगति पाई गई है। रेलवे ने अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण के लिए लाल पत्थर, पत्थर की जालियां और पुट्टी का काम करवाया था। टेंडर डॉक्युमेंट्स में इन मदों के लिए शेड्यूल और नॉन शेड्यूल वर्ग में अलग-अलग दरें अंकित थीं। ठेकेदारों ने मौके का फायदा उठाते हुए ऊंची दरों वाले कॉलम के अनुसार अपनी निविदाएं भरीं। रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी बिना किसी आपत्ति के इन बिलों को पास कर दिया और ठेकेदारों के खातों में करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया।

विजिलेंस की जांच में पाया गया कि बूंदी, झालावाड़ सिटी, भवानीमंडी, गरोठ, विक्रमगढ़ आलोट और हिंडौन सिटी स्टेशनों पर करीब 139 लाख रुपए का ज्यादा भुगतान हुआ है। इसके अलावा गंगापुर सिटी, मांडलगढ़, शामगढ़, सवाई माधोपुर, रामगंजमंडी, बारां, भरतपुर, बयाना और छबड़ा गुगोर स्टेशनों सहित कुछ ओपन लाइन कार्यों में भी 97 लाख 77 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि दी गई। कुल मिलाकर 2 करोड़ 36 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। इसमें कोटा डीआरएम ऑफिस के तीन मंजिला भवन की बाहरी दीवारों पर लगाए गए लाल पत्थरों का काम भी शामिल है।

### ठेकेदार कानूनी लड़ाई लड़ने तैयार

अब रेलवे प्रशासन ठेकेदारों के वर्तमान या भविष्य के बिलों से इस राशि को काटने की तैयारी कर रहा है। दूसरी ओर ठेकेदारों ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने वही दरें भरी थीं जो रेलवे के दस्तावेजों में मौजूद थीं। उनका तर्क है कि अगर एक ही काम की दो दरें थीं, तो यह रेलवे की तकनीकी गलती है। ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जबरन वसूली की गई तो वे कानूनी लड़ाई लड़ने न्यायालय की शरण लेंगे।

## न्यायिक कर्मचारियों के वेतनमान मामले में चीफ सेक्रेटरी हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर।** मप्र उच्च हाईकोर्ट ने न्यायिक कर्मचारियों के वेतनमान से जुड़े मामले में गंभीरता दर्शाई है।जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन को 14 मई को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट कर्मचारी किशन पिल्लई और 108 अन्य कर्मचारियों ने वर्ष 2016 में यह याचिका दायर की थी। याचिका में उच्च वेतनमान का लाभ नहीं दिए जाने को चुनौती दी गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2017 को आदेश पारित करते हुए कहा था यह मामला 27 जून 2015 से सरकार के समक्ष विचाराधीन है। अब चार सप्ताह के भीतर मामले का निपटारा किया जाए। आदेश का पालन नहीं होने पर 2018 में अवमानना याचिका दायर की गई। गत 26 मार्च को हाईकोर्ट ने आदेश के पालन में लगातार हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी । मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सुनवाई में सरकार की ओर से बताया गया कि मुख्य सचिव इस तारीख पर उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन अगली सुनवाई पर वे कोर्ट में पेश होंगे।

नई व्यवस्था 9 और 10 मई 2026 से लागू होगी

# जबलपुर–मंडला फोर्ट और छिंदवाड़ा रेलखंड पर नई एकीकृत पैसेंजर सेवा शुरू

हरिभूमि, जबलपुर।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडला फोर्ट–नैनपुर–जबलपुर तथा मंडला फोर्ट–नैनपुर–छिंदवाड़ा रेलखंड पर संचालित पैसेंजर ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत रेल सेवाओं की शुरुआत की है। नई व्यवस्था 9 और 10 मई 2026 से लागू होगी।

रेलवे के अनुसार पहले अलग-अलग संचालित होने वाली ट्रेनों को अब एकीकृत कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को बीच में ट्रेन बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही यात्रा अधिक सुगम और निर्बाध हो सकेगी।

इसी क्रम में 9 मई को मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेन संख्या 51706 और 58824 के शुभारंभ अवसर पर फ्लैग ऑफ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत जबलपुर–मंडला फोर्ट पैसेंजर ट्रेनें अब नियमित रूप से दोनों दिशाओं में संचालित होंगी। ट्रेन संख्या 51703 शाम 6:55 बजे जबलपुर से रवाना होकर रात 12:30 बजे मंडला फोर्ट पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 51704 सुबह 5:10 बजे मंडला फोर्ट से चलकर सुबह 10:05 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

इसी तरह ट्रेन संख्या 51705 सुबह 9:55 बजे जबलपुर से रवाना होकर दोपहर 3 बजे मंडला फोर्ट पहुंचेगी तथा ट्रेन संख्या 51706 दोपहर 3:30 बजे मंडला फोर्ट से चलकर रात 9:25 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

वहीं छिंदवाड़ा–मंडला फोर्ट रेलखंड पर ट्रेन संख्या 58823 सुबह 7:15 बजे छिंदवाड़ा से रवाना होकर दोपहर 12:15 बजे मंडला फोर्ट पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 58824 दोपहर 3 बजे मंडला फोर्ट से चलकर रात 9 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेगी।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले समय-सारणी की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कहा है कि यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

तेज हवाओं के बीच वर्षा की संभावना

# गर्मी, बारिश और हवा के गठजोड़ का जोर

**जबलपुर।** गर्मी, बारिश और हवा के गठजोड़ से मौसम के मिजाज बदल गये हैं। दिनभर मौसम खुला रहता है और शाम को अचानक बादल छाने लगते हैं कभी कभी हल्की बूंदाबांदी भी होने लगती है जिससे मौसम के मिजाज बदल जाते हैं। उमस भरी गर्मी परेशान करने लगती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे।

पश्चिमी विक्षोप की वजह से राजस्थान के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है और हवा में नमी बन गई है इससे स्थानीय स्तर पर जहां बादल बनते हैं वहां बूंदाबांदी हो जाती है। कल रात शहर में जहां बूंदाबांदी हुई और रात को बूंदाबांदी हुई जिससे पारा 39 डिग्री पर पहुंच गया।

### तेज हवायें चलेंगी

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हुई बारिश के बाद पश्चिमी-विक्षोभ ने मध्यप्रदेश को अपने घेरे में ले लिया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश में वायुमण्डल पर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम कार्यालय के



मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 46 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.7 और न्यूनतम तापमान 24.5 दर्ज किया गया था। सूर्योदय सुबह 5.32 और सूर्यास्त 6.41 बजे होगा. प्रदेश में सबसे अधिक 42.4 डिग्री तापमान नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी हवाएं 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ति झंझावत के साथ तेज हवाएं चलने और हल्की वर्षा की संभावना है।

## बिना पहचान पत्र के होटल में रुकी अज्ञात महिला की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत धनवंतरी नगर चौराहे के समीप स्थित होटल रिलैक्स इन में एक अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला होटल के एक कमरे में मृत अवस्था में मिली है। वह कौन है तथा उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि होटल संचालक द्वारा महिला का आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र नहीं लिया गया था, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस द्वारा होटल स्टाफ और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि महिला की पहचान और उसकी मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। एसएफएल टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया गया है। टीम द्वारा कमरे से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और हर एंगल से जांच की जा रही है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं होटल में बिना वैध दस्तावेज के कमरा देने को लेकर होटल प्रबंधन की लापरवाही भी जांच के घेरे में आ गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## डेम में कार्यरत मजदूरों के साहस को किया नमन, रादुविवि छात्र परिषद ने मजदूरों, इंजीनियर का किया सम्मान

# डूबते हुए व्यक्ति को नया जीवन देकर मानवता का सबसे बड़ा फर्ज निभाया

**जबलपुर**। बरगी डेम पर क्रूज हादसे में डूबने वाले लोगों को बचाने वाले विवेक पटेल (प्रोजेक्ट मैनेजर), नमन बाजपेई (साइट इंजीनियर), शशिरंजन मालाकार (लेक्ट्रीशियन), वीरेन्द्र यादव, सामर कुमार मुप्ता, रमजान शेख, छोटू, प्रेम कुशवाहा, उपेन्द्र, राजा, शिवनाथ, राहुल, संजय, संतोष, भुवज, राम बहादुर, नारायण, अरविंद यादव, राजेश साहनी, प्रदुम्न यादव, राजाराम फेंकू, साहिल शेख, इब्राहिम शेख, नूरे सलाम शेख, दुनो हुसैन, मुक्तार शेख, सम्राट आलम, हाजा, अजित अख्तर, अब्दुल गुनौरूददीन, तुहीम आदि मजदूरों, इंजीनियरों आदि का रादुविवि छात्र परिषद ने लगभग 40 लोगों का पुष्प माला और सम्मान पत्र देकर उनको प्रोत्साहित किया। रादुविवि छात्र परिषद संयोजक, म.प्र. उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज खिंड ठाकुर ने कहा कि कूज हादसे की घटना से संपूर्ण देश स्तब्ध है, जो अपने कलेजे के टुकड़े को अपने पास रखकर उसे बचाने के लिए मौत को हराने की कोशिश की, परंतु विधि को कुछ और ही मंजूर होता है, जो मंजर हमारे सामने आया इस अभी को निशब्द कर देता है। घटना के वक्त वहाँ पर मौजूद हर व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डालकर त्वरित सोच और बहादुरी, साहस का परिचय देकर जो कार्य किया वह वास्तव में प्रशंसनीय है। कठिन समय में आदमी अपनी जान बचाने की सोचता है तो इन मजदूरों ने दूसरो की जान बचाने का कार्य किया हम इन मजदूरों के साथ है। डूबते हुए व्यक्ति को नया जीवन देकर माजवता का सबसे बड़ा फर्ज होता है इन मजदूरों ने वहीं कार्य किया है। इनके साहस को हम नमन करते है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साथ में गये समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, रादुतिवि छात्र परिषद के सलोज पटेल, नरेश मध्यानी, नीतेश सैनी, रिकू मुकर्जी, रोहित कबौलिया, दीपक सिंह आदि का पुलिस कर्मचारी, इंजीनियरों, मजदूरों के सम्मान एवं प्रोत्साहन में विशेष सहयोग रहा।



### बरगी क्रूज हादसे में नए खुलासे

## पायलट ने विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे की जांच के दौरान नए खुलासे सामने आ रहे हैं। कलेक्ट्रेट में बयान देने पहुंचे क्रूज पायलट महेश पटेल ने पर्यटन विभाग और प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्रूज के इंजन में खराबी की जानकारी पहले ही विभाग को दे दी गई थी, लेकिन सुधार करने के बजाय शिकायत करने वालों पर कार्रवाई की गई। पायलट के अनुसार अक्टूबर 2025 में मैकल रिसॉर्ट के तत्कालीन मैनेजर सुनील मरावी ने भोपाल स्थित पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर बताया था कि क्रूज के एक इंजन की क्षमता कम हो गई है और दूसरा इंजन भी कभी भी बंद हो सकता है। इसके बावजूद तकनीकी खराबी दूर नहीं की गई। आरोप है कि शिकायत करने वाले मैनेजर को ही सस्पेंड कर दिया गया। महेश पटेल ने हादसे के बाद खुद पर लगे भागने के आरोपों को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि हादसे के समय तेज लहर के कारण वह खुद पानी में बह गए थे। पायलट का कहना है कि उन्होंने यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनने के लिए कहा था, लेकिन कई लोगों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा तिवारी ने इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में एसआईटी बनाकर पूरे मामले की जांच कराने और 60 दिन में रिपोर्ट पेश करने की मांग की गई है। वहीं बरगी विधायक नीरज सिंह ने जांच पूरी होने से पहले क्रूज को तोड़े जाने पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि यह कार्रवाई सबूत मिटाने के उद्देश्य से की गई हो सकती है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।



### रेलवे कोचिंग डिपो के सामने लगा लंबा जाम

## कांचघर रोड पर कचरा गाड़ी कीचड़ में धंसी

**जबलपुर**। अमृत परियोजना-2 के तहत पाईप लाईन बिछाने के लिए खोदी गई रेलवे पुल नंबर 1 से कांचघर की सड़क पूरी तरह मिट चुकी है। सड़क नाम की चीज नहीं बची है। इस मार्ग में लगातार जाम के हालात बन रहे है। इसी मार्ग में स्थित रेलवे के कोचिंग डिपो के सामने लगाए गए मिट्टी के ढेर से कीचड़ मच रहा है। शुक्रवार की दोपहर मिट्टी में एक कचरा वाहन फंसने से काफी लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई।

बताया गया है कि पिछले दो महिने से अधिक समय से यहां कछुआ गति से पाईप लाईन डालने का काम चल रहा है। लेकिन रोड सुधारने की सुध किसी को नहीं आ रही है। पाईप लाईन की वजह से खोदी गई सड़क चलने के लिए बमुश्किल 5 से 6 फुट बची है। बाकी सड़क पर कीचड मिट्टी पड़ी है। मौसम की खराबी के कारण बारिश होने पर कीचड़ मच जाता हैं। इस मार्ग पर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के लगभग कोचिंग डिपो के सामने कचरे वाली गाड़ी के दो पहिए कीचड़ में फंस गए, जिससे जाम लग गया। 1 घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे, बाद में दूसरी अन्य कचरा गाड़ी से टोचन करके फंसे वाहन को निकाला गया। इस मार्ग पर पहले भी दो वाहन धंस चुके है। इसके बावजूद मार्ग सुधार की रोड ठेकेदार या नगरनिगम द्वारा कारगार कदम नहीं उठाए जा रहे है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं।

### एमपी स्टेट बार काउंसिल के लिए मतदान 12 मई को

## हाई कोर्ट में साउथ ब्लाक व जिला अदालत पार्किंग क्षेत्र में होगा मतदान

**जबलपुर**। प्रदेश के वकीलों की नियमों संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की नवीन कार्यकारिणी के लिए मतदान 12 मई को नियत है। इससे पूर्व निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने मतदान केंद्रों की जानकारी साझा की है। जबलपुर में हाईकोर्ट परिसर स्थित साउथ ब्लाक और जिला अदालत में पार्किंग क्षेत्र के रूप में दो मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान के लिए समय सीमा प्रातः 10 से शाम पांच बजे तक तय की गई है। प्रत्येक मतदाता को अपना परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य है और ऐसा न किए जाने पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व सचिव से मतदाता की पहचाना कराना होगी। मतदान केन्द्र से 200 गज की परिधि में किसी चुनाव प्रत्याशी अथवा उनके समर्थकों को चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं है। मतदातागण मतदान केन्द्रों पर निर्धारित प्रवेशद्वार व निकासद्वार से ही प्रवेश व निकास कर सकेंगे।

## *अवैध उत्खनन की रेत से भरा डंपर जब्त*

**जबलपुर**। गोसलपुर थाना अतंर्गत बुढागर तालाब की मेढ़ के पास अवैध रुप से रेत उत्खनन कर परिवहन कर जा रहे एक डंपर को पुलिस ने जब्त किया है वहीं डंपर चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। गोसलपुर थाना प्रभारी श्रीमति गाजीवती पुसाम ने बताया कि गत दिवस देवनगर से बुढागर तालाब जा रहा एक बिना नंबर के डंपर को पुलिस ने रोका, जिसका चालक पुलिस को देखकर डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से रेत से भरा डंपर जब्त करते हुए आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधि.एवं 77/177 एमव्हीएक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



### किसी के खाते में ज्यादा तो किसी के खाते में कम पहुंची रकम

# ईआरपी सिस्टम से ओएफके में वेतन गड़बड़ी से हड़कंप

**जबलपुर**। आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में लागू किए गए नए ईआरपी सिस्टम ने कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 7 मई को कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुंचने के बाद फैक्ट्री में हड़कंप की स्थिति बन गई। किसी कर्मचारी के खाते में जरूरत से कई गुना ज्यादा राशि पहुंच गई, तो कई कर्मचारियों को सामान्य वेतन से काफी कम भुगतान मिला। इस गड़बड़ी के बाद कर्मचारी संगठनों ने नए सिस्टम पर सवाल उठाते हुए प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। जानकारी के अनुसार म्युनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने अक्टूबर 2025 से अपनी सभी निर्माणियों में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम लागू किया था। दावा किया गया था कि इस नई व्यवस्था से कामकाज डिजिटल होगा, पेपर वर्क कम होगा और भुगतान प्रक्रिया आसान बनेगी। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि सिस्टम लागू होने के बाद से समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

### कहीं ज्यादा कहीं कम

इस माह वेतन भुगतान में हुई गड़बड़ी ने कर्मचारियों की चिंता और बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि जिन कर्मचारियों का मासिक वेतन करीब 40 हजार रुपये है, उनके खातों में एक से डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच गए। वहीं कई कर्मचारियों के खाते में अपेक्षा से बहुत कम राशि आई। ऐसे कर्मचारियों के सामने घर खर्च और बैंक की ईएमआई भरने तक का संकट खड़ा हो गया है।

### 6 महीने से परेशान कर्मचारी

सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के महामंत्री और फेडरेशन सचिव आनंद शर्मा ने बताया कि पिछले छह महीनों से लगातार इन समस्याओं की जानकारी प्रबंधन को दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उनका कहना है कि कर्मचारियों की परेशानियां कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही हैं। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो फेडरेशन स्तर पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### दर्जनों सेवाएं रुकीं

कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि ईआरपी सिस्टम के कारण सिर्फ वेतन भुगतान ही प्रभावित नहीं हुआ है, बल्कि एलटीसी, मेडिकल बिल, टीडी, पीस वर्क और शिफ्ट पेमेंट जैसी प्रक्रियाओं में भी लगातार देरी हो रही है। इसके अलावा एरियर भुगतान में भी कई तरह की त्रुटियां सामने आ रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी खामियों के कारण उन्हें बार-बार विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। यूनियन नेताओं का कहना है कि पहले जो काम प्रशासनिक कर्मचारियों के माध्यम से होते थे, अब वे काम भी औद्योगिक कर्मचारियों से करवाए जा रहे हैं। छुट्टियों की एंट्री से लेकर अन्य जानकारी तक कर्मचारियों को खुद कंप्यूटर में भरनी पड़ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वे उत्पादन कार्य के साथ अब बाबूगिरी का काम करने को मजबूर हैं।



# नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, लगाया 20 हजार रूपये का जुर्माना



**जबलपुर।** नगर निगम अतिक्रमण शाखा द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार आज गौरीघाट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्यवाही के संबंध में सहायक अतिक्रमण दीपेन्द्र रावत ने बताया कि गौरीघाट रोड़ रेलवे ब्रिज के समीप लंबे समय से यातायात और सार्वजनिक स्थान को बाधित कर रहे अवैध निर्माण सामग्री के भंडार को हटाया गया।उन्होंने बताया कि शरद यादव व्यापारी द्वारा रेलवे ब्रिज के पास अवैध रूप से रेत और गिट्टी का भंडारण कर व्यापार किया जा रहा था, जिससे आवागमन में बाधा आ रही थी। मौके से न केवल अवैध निर्माण सामग्री हटाई गई, बल्कि व्यापार में प्रयुक्त वाहन और सामग्री को भी नगर निगम ने जब्त कर लिया है। नियम विरुद्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापारी पर 20,000 रुपये का स्पॉट फाइन भी किया गया। इस मुहिम की सफलता में नगर निगम के अमले के साथ पुलिस बल और रेलवे पुलिस का विशेष सहयोग रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर आज सीएमई एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जबलपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस 2026 के अवसर पर थैलेसीमिया जनजागरण समिति मध्यप्रदेश, थैलेसीमिया सिकिलसेल जनजागरण समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 9 मई को विशेष जागरूकता अभियान, सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई), स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क एचएलए जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल-2 में होगा। आयोजन में नोवो नॉर्डिस्क एजुकेशन फाउंडेशन एवं पराग सागर फाउंडेशन का सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में सिकिलसेल एवं थैलेसीमिया जैसी अनुवांशिक बीमारियों के आधुनिक उपचार, प्रबंधन एवं रोकथाम पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चर्चा की जाएगी। सीएमई सत्र में चिकित्सकों को नवीनतम उपचार पद्धतियों, मरीज काउंसलिंग एवं मनोवैज्ञानिक सहयोग संबंधी जानकारी दी जाएगी। साथ ही केस स्टडी एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव साझा किए जाएंगे। शिविर में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क एचएलए जांच, विशेषज्ञ स्वास्थ्य परामर्श तथा काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने आमजन, मरीजों, अभिभावकों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जागरूकता अभियान का लाभ लेने की अपील की है।



## आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के विखंडन के विरोध में एनएसयूआई ने की राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रस्तावित विखंडन के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने महामहिम राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय के विभाजन की प्रस्तावित प्रक्रिया प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था एवं जबलपुर की शैक्षणिक प्रतिष्ठा के लिए गंभीर रूप से हानिकारक होगी। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी जबलपुर की कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र और संरचना में बदलाव किया गया है, जिससे क्षेत्रीय शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। संगठन का कहना है कि आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रमुख चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र है, और इसके विखंडन से संसाधनों का बंटवारा, प्रशासनिक असंतुलन तथा शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एनएसयूआई ने महामहिम राज्यपाल से मांग की है कि प्रस्तावित विखंडन पर तत्काल रोक लगाते हुए विश्वविद्यालय की एकीकृत संरचना को यथावत रखा जाए। जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो छात्र संगठन व्यापक आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान राहुल रजक, अनुज यादव, एजाज अंसारी, आकाश सेन, मो. कफील, आदर्श मालवे, मनीष विश्वकर्मा, अभिनव मिश्रा, जय, अभिषेक पटेल, पुष्पेन्द्र गौतम, आदित्य सिंह सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# जंग लगी और नालियों से होकर गुजरने वाली पाइप लाइन से घर-घर पहुंच रहा पानी

**बरेला।** प्रदूषित पेयजल की वजह से इंदौर क्षेत्र में हुई मौत की वजह से संपूर्ण प्रदेश में पेयजल टंकी में सफाई की गई तथा नालियों से होकर गुजरने वाली पाइप लाइनों को दुरुस्त किया गया किंतु नगर में अभी भी कई जगह ऐसी हैं जहां से गंदगी से होकर पाइपलाइन गुजर रही हैं तथा इस पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है ।इसका प्रत्यक्ष नजारा नगर के वार्ड नंबर 9 में गुड्डा बर्मन की बगल वाली गली में देखा जा सकता है जहां पर नालियों से होकर पाइपलाइन गुजर रही है। स्थाई निवासियों ने बताया कि इस पाइपलाइन में जंग भी लग चुकी है तथा जंग लगने के कारण यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है इसकी वजह से नगर परिषद द्वारा



क्षतिग्रस्त हिस्से को तोड़कर प्लास्टिक के पाइप से पुनः जोड़ दिया गया है जिसकी वजह से प्रदूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा हर वर्ष पाइपलाइन मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं किंतु इसके बावजूद भी क्षतिग्रस्त पाइप को और जंग लगे पाइप को बदलने की बजाय उसे जोड़कर काम चलाउ स्थिति में छोड़ दिया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या के लिए नगर परिषद में शिकायत भी की है किंतु उसके बावजूद भी इस जंग लगी पाइपलाइन को बदलने के लिए नगर परिषद के अधिकारी गंभीर नहीं है। शायद इस दूषित पेयजल की वजह से किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। इनका कहना है सीएमओ संजय पांडे इस जंग लगी पाइपलाइन की जानकारी है शीघ्र ही इसे बदलदिया जाएगा।

# जबलपुर में 23-24 मई को होगा साहू समाज का राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

**जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू सभा एवं मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा का राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आगामी 23 एवं 24 मई को जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर कचनार क्लब, विजय नगर में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया।

बैठक में मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मदन लाल साहू, अतिरिक्त महासचिव हितेश साहू तथा प्रदेश एवं राष्ट्रीय महिला मंडल की अध्यक्ष आभा साहू सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 मई को मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह



आयोजित होगा, जबकि 24 मई को राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा सभी पदाधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक का संचालन महासचिव अनिल कुमार साहू 'अकेला' ने किया, जबकि आभार आभा साहू ने व्यक्त किया। बैठक में जिला साहू समाज जबलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, राधेश्याम साहू, दीपक साहू, कैलाश साहू, पार्षद राहुल साहू, राजनैतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीकांत साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं महिला सदस्य उपस्थित रहे।



## परियोजना अधिकारी ने किया नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण

**बरेला।** गुरुवार को रघुवीर सिंह मरावी परियोजना अधिकारी ,जिला शहरी विकास अभिकरण जिला जबलपुर द्वारा कार्यालय नगर परिषद बरेला का निरीक्षण किया गया।परियोजना अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन कार्यालय भवन एवं परिसर में संचालित हो रहे आधार केंद्र का निरीक्षण के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 -2026 की तैयारी ,पेय जल व्यवस्था ,cm हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों का निराकरण ,विवाह पंजीयन ,निकाय की राजस्व वसूली आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

# स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में गौरीघाट सब्जी मंडी को जीरो वेस्ट बनाने की पहल

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा गौरीघाट क्षेत्र की स्थानीय सब्जी मंडी को जीरो वेस्ट मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने गौरीघाट क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण कर थ्री-आर (री-ड्यूस, री-यूज, रीसायकल) सेंटरों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि गौरीघाट देश के स्वच्छ एवं पवित्र घाटों में से एक है, इसलिए इसकी स्वच्छता एवं सौंदर्य को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को घाट क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने सब्जी मंडी के व्यापारियों एवं घाट किनारे संचालित दुकानदारों से संवाद कर प्लास्टिक और



पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राहक को सब्जी हमेशा कपड़े या कागज के थैले में ही दी जाए तथा पन्नी का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाए। साथ ही मंडी को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित लाइन में लगाने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में सभी नागरिकों और व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है, जिससे गौरीघाट को मॉडल स्वच्छ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशफाक परवेज कुरैशी, उपायुक्त संभव अयाची, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्मशान की भूमि पर कब्जे का आरोप, पटवारी की मिलीभगत बताकर कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि, पनागर।** तहसील पनागर के ग्राम देवरी कला स्थित शासकीय श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे और राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी का मामला सामने आया है। पूर्व पार्षद सर्वेष मिश्रा और सुरेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया है कि पटवारी हल्का नंबर-19 में आने वाली श्मशान भूमि पर एक रसूखदार व्यक्ति ने कब्जा कर रखा है, जिसमें राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत है। शिकायत के अनुसार ग्राम देवरी कला के खसरा क्रमांक 344/1 की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय श्मशान के रूप में दर्ज है। आरोप है कि तत्कालीन पटवारी ने अच्छेलाल पिता रामदीन दर्जी के साथ मिलकर बी-1 रिकॉर्ड के कलम नंबर-12 में अवैध रूप से कब्जे की प्रविष्टि दर्ज कर दी। वर्तमान में भूमि के बड़े हिस्से का निजी उपयोग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत 23 मार्च 2026 को



तहसीलदार पनागर से की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर दर्ज शिकायत को भी बिना निराकरण बंद करने का प्रस्ताव दे दिया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि राजस्व रिकॉर्ड में की गई अवैध प्रविष्टि को हटाकर श्मशान भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। चेतावनी दी गई है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

# 72वीं राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी में आयोजित 72वीं राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए तीन प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र सहित 15 राज्यों की टीमों से लगभग 275 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश बॉडीबिल्डिंग संघ के सचिव डॉ. राकेश तिवारी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में भारत उदय, भारत किशोर, भारत कुमार, भारत श्री, भारत केसरी, भारत मेन फिजिक, भारत क्लासिक फिजिक एवं भारत जींस मॉडल जैसी श्रेणियों में मुकाबले हुए। मध्यप्रदेश टीम ने पहली बार शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन प्रमुख खिताब जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। मध्यप्रदेश के मोहम्मद आसिफ मूसा ने भारत उदय का खिताब, चंद्रभान धुर्वे ने भारत





किशोर का खिताब तथा करण कुमार ने भारत केसरी का खिताब अपने नाम किया। वहीं अन्य वर्गों में विकास कनौजिया को कांस्य पदक, महेंद्र पटेल को कांस्य पदक तथा देवेंद्र तिवारी को छठवां स्थान प्राप्त हुआ। अनूप दीवान एवं अभिजीत गर्ग ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदेश के राष्ट्रीय निर्णायक शकील अनवर, सचिन यादव एवं डॉ. राकेश तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। टीम मैनेजर अमित सोनकर एवं कोच शैलेंद्र श्रीवास्तव रहे। इस उपलब्धि पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष सुमित कालिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बी.के. पाठक सहित सौरभ नाटी शर्मा, अशोक कपूर, जी.एस. चौहान, डी.आर. अभिजात, कृष्ण त्रिपाठी, एडवोकेट संपूर्ण तिवारी, इंद्रपाल सिंह, अरविंद डहाके सहित कई पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।





**श्री जगमोहन सोनी-** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री जगमोहन सो्रनी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रकाश रानी मल्होत्रा-** बेदीनगर नागपुर रोड निवासी श्रीमती प्रकाश रानी मल्होत्रा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।**श्री दीपक गंगैय्या दासर-** मलिक कम्पाउंड सदर निवासी श्री दीपक गंगैय्या दासर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री प्रदीप चौहटेल-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री सतीश चौहटेल के पुत्र श्री प्रदीप चौहटेल (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्रीमती मनीषा दाहिया-** डिफेंस कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री सचिन दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा दाहिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**कु. किरण शर्मा-** छोटी ओमती निवासी श्री राजेंद्र शर्मा की पुत्री कु. किरण शर्मा (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्री अनूप कुमार-** रांझी चंपानगर निवासी श्री अनूप कुमार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।श्रीमती विद्या बाई केशरवानी- प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री धनीराम केशरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या बाई केशरवानी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**सुश्री बीना जैन-** गली नं. 2, मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री विजयराज जैन की पुत्री सुश्री बीना जैन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमती चौधरी-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रामनाथ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोमती चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्रीमती मंगला-** अनुराधा कॉलोनी गोराबाजार निवासी श्री रवींद्र की धर्मपत्नी श्रीमती मंगला (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री चंद्र भान शुक्ला-** राधाकुंड मंदिर के पास गढ़ा निवासी श्री चंद्रभान शुक्ला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीष तिवारी को भ्रातृ शोक



**जबलपुर।** जबलपुर निवासी 53 वर्षीय अजय तिवारी का इलाज के दौरान 8 मई को आकस्मिक निधन हो गया है, आप वर्तमान में बेमेतरा, छत्तीसगढ़ में निवासरत थे। आप कचनार सिटी जबलपुर निवासी अशोक कुमार तिवारी के बड़े पुत्र, अम्बरीष तिवारी के बड़े भाई एवं श्रद्धा तिवारी के पति थे, अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट, वाराणसी में 9 मई को किया जाएगा ।

## अनुरोध पटेरिया को मातृ शोक

**जबलपुर।** हरिभूमि के यूनिट हैड श्री अनुरोध पटेरिया की माताश्री श्रीमती भानु देवी पटेरिया पत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश प्रसाद पटेरिया निवासी मोहल्ला बेनी सागर का शुक्रवार को स्वर्गवास हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र सर्वश्री अरूण पटेरिया, अनिल पटेरिया, अनुरोध पटेरिया एवं पुत्री सुश्री निशा अवस्थी सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गयी हैं। श्रीमती पटेरिया पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी तथा उनका जबलपुर में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। श्रीमती पटेरिया के निधन पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों व हरिभूमि परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने एवं दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। अंतिम यात्रा निवास स्थान से शनिवार को प्रातः 10 बजे रवाना होगी तथा पन्ना स्थित धर्म सागर मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की जायेगी।





# अब 'पानी' से चलेगी मारुति सुजुकी की स्विफ्ट, कंपनी लाई अनोखी टेक्नालॉजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुजुकी मोटर कारपोरेशन और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एवीएल ने 2026 वियना मोटर सिम्पोजियम में सुजुकी स्विफ्ट को हाइड्रोजन इंजन के साथ टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर के रूप में पेश किया है। ग्लोबल लेवल के साथ इंडियन मार्केट में पॉपुलर हैचबैक स्विफ्ट अब नए एनर्जी सोर्स के साथ मार्केट में एंट्री मार सकती है।

- वियना मोटर सिम्पोजियम 2026 में प्रदर्शित किया गया कार का प्रारूप

पारंपरिक हाइड्रोजन व्हीकल फ्यूल सेल तकनीक पर चलते हैं, जहां हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर मोटर चलाई जाती है। लेकिन इस नए प्रोटोटाइप में हाइड्रोजन को सीधे इंजन में जलाकर पावर जनरेट की जा रही है। सुजुकी-बेस्ड 1.4 लीटर 4-सिलेंडर हाइड्रोजन डीआई इंजन में एवीएल की नई हाइड्रोजन डीआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है।

## सुजुकी मोटर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी एवीएल ने पेश किया हाइड्रोजन इंजन

### इंडिया लांच?

भारत में मारुति सुजुकी स्विफ्ट पहले से ही बेस्टसेलर है। केंद्र सरकार और नितिन गडकरी हाइड्रोजन जैसे ग्रीन फ्यूल्स को बढ़ावा दे रहे हैं। कोच्चि एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन स्टेशन पहले से चल रहा है। अगर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हुआ तो ये हाइड्रोजन स्विफ्ट भारत में लांच हो सकती है। ये पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के बीच सस्टेनेबल चॉइस साबित हो सकती है।



**फ्यूल एफिसियंसी :** फ्यूल एफिशिएंसी की बात करें, तो हाइड्रोजन इंजन जीरो कार्बन एमिशन के साथ बेहतरीन एफिशियंसी देता है। टेल पाइप से केवल पानी निकलता है, जिससे ये ग्रीन फ्यूल का बेहतरीन विकल्प है।

### फीचर्स

फीचर्स में वायरलेस चार्जिंग, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, अच्छा साउंड सिस्टम और मल्टी-मोड ड्राइविंग ऑप्शन शामिल हैं। सेफ्टी के मामले में स्विफ्ट हमेशा से मजबूत रही है। अपेक्षित फीचर्स में मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर पार्किंग सेंसर्स और संभावित एडास सिस्टम्स शामिल हो सकते हैं। हाइड्रोजन वर्जन में भी सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को ऊपर रखा गया है, खासकर हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स को सेफ रखा गया है।

### इंजन और परफॉरमेंस

ये इंजन लीन और स्टॉइकियोमेट्रिक (लेम्बदा=1) दोनों मोड में चल सकता है। कूल्ड ईजीआर के जरिए स्टॉइकियोमेट्रिक मोड में बेहतर परफॉर्मेंस मिलती है। ये पावरट्रेन लगभग 100 किलोवॉट (करीब 135 एचपी) पावर और 220 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है। ये तकनीक हाइड्रोजन इंजन की आम समस्याओं जैसे अनस्टेबल कंबर्शन को हल करती है और हाई पावर डेंसिटी, स्टेबल ऑपरेशन और स्केलेबल समाधान प्रदान करती है। ड्राइवेबिलिटी और एमिशन को पूरी तरह कैलिब्रेट किया गया है, जो इसे प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है।

### डिजाइन और फीचर्स

स्विफ्ट का डिजाइन आकर्षक और स्पोर्टी बना हुआ है। कॉम्पैक्ट हैचबैक बॉडी में शार्प लाइन्स, बोल्ड फ्रंट ग्रिल और मॉडर्न एलईडी लाइटिंग के साथ ये युवा खरीदारों को आकर्षित करती है। इंटीरियर प्रीमियम और ड्राइवर-फोकस्ड है। बेहतर मैटेरियल, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, मॉडर्न डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केबिन स्पेशियस और आरामदायक है, जो डेली कम्यूटिंग के लिए परफेक्ट है।

## खबर संक्षेप

### बीएसई का चौथी तिमाही में मुनाफा 61% बढ़ाकर



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बीएसई लि. का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़कर बढ़कर 795.47 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 493.67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च के दौरान कुल राजस्व बढ़कर 1,630 करोड़ रुपये हो गया।

### करूर वैश्य बैंक के लाभ में 41 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ मार्च 2026 का समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 725 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 513.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,519.45 करोड़ रुपये हो गई।

### वी-मार्ट रिटेल के मुनाफे में 39 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 39 प्रतिशत घटकर11.28 करोड़ रुपये रहा। वी-मार्ट ने सूचना में कहा कि उसने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। मार्च तिमाही में परिचालन राजस्व 24.5 प्रतिशत बढ़कर 970.89 करोड़ रुपये रहा।

### स्विगी का घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाना मंगाने की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 2024-25 की इसी तिमाही में 1,081 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 45 प्रतिशत बढ़कर 6,383 करोड़ रुपये हो गई।

### बायोकॉन के लाभ में 57 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.8 प्रतिशत घटकर 198.6 करोड़ रुपये रहा। नई श्रम संहिता के प्रभाव सहित विभिन्न मदों पर 80.4 करोड़ रुपये के असाधारण व्यय के कारण मुनाफा घटा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में लाभ 459.4 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में परिचालन आय 4,516.6 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 4,417 करोड़ रुपये थी।

## विशेषज्ञों का कहना, विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित होने का इंतजार करे

# ट्रंप को अदालतों से झटके, धीमी पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है।

### व्हाइट हाउस ने शुल्क को खारिज कर दिया

अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को ''अवैध'' और ''कानून द्वारा अनधिकृत'' करार देते हुए खारिज कर दिया है।

### 24 फरवरी से 150 दिन के लिए लगाए थे

ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिन के लिए नए शुल्क लगाए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की अनुमति नहीं देता।

### मलेशिया पहले ही समझौते से पीछे हट चुका

श्रीवास्तव ने कहा '' अमेरिकी शुल्कों को लेकर कानूनी अनिश्चितता का असर व्यापार वार्ताओं पर भी पड़ रहा है। मलेशिया पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से पीछे हट चुका है जबकि कई अन्य देश भी अपने समझौतों पर पुनर्विचार कर रहे हैं।''



**वैश्विक शुल्क नियमों का उल्लंघन:** चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्व निदेशक शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि संघीय अदालत का फैसला यह स्पष्ट करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करते हैं ।

- ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लघंन करते हैं
- अमेरिकी अदालत द्वारा इसे निरस्त किया जाना सकारात्मक संकेत
- ट्रंप द्वारा लगाए 10 प्रतिशत शुल्क को भी अदालत ने अवैध बताया

### अमेरिका बचने के नये रास्ते तलाश सकता है

*प्रियदर्शी ने कहा, '' हालांकि फैसले पर अमल फिलहाल रोका गया है इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि अमेरिका इस फैसले से बचने के नए रास्ते तलाश सकता है।'' ये शुल्क 20 फरवरी को लागू होने के 50 दिन से भी कम समय में निरस्त कर दिए गए। जीटीआरआई के अनुसार, यह निर्णय फिलहाल केवल उन पक्षों पर लागू होता है जिन्होंने मामला दायर किया था।*

### तरजीह राष्ट्र के लिए भी शुल्क कम करने तैयार नहीं अमेरिका

*श्रीवास्तव ने कहा, '' फिलहाल अमेरिका अपने 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के लिए भी शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकतर क्षेत्रों में अपने एमएफएन शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। भारत के स्थायी बाजार पहुंच में रियायतें देने और बदले में उसे कोई ठोस शुल्क लाभ न मिलने से व्यापार समझौता एकतरफा हो सकता है।''*

# सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को 30 हजार करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है
- कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को मध्य मार्च से अब तक लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने इस संकट के दौरान भी पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी, जबकि कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में पेट्रोल पर प्रति लीटर लगभग 18 रुपये और डीजल पर लगभग 25 रुपये प्रति लीटर का नुकसान दर्ज किया गया।

### तनाव थमने की उम्मीद से 100 डॉलर प्रति बैरल आ चुका

हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

# एनटीपीसी ने एमसीडी में किया 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनईडब्ल्यूएस) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बिजली क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा कि फिलहाल उसके पास एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

''एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम और एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 11 जून, 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की एनईडब्ल्यूएस में 26 प्रतिशत शेयरधारिता (52,000 इक्विटी शेयर) के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी के हाउस ऑफ कॉरपोरेशन ने एनटीपीसी द्वारा एनईडब्ल्यूएस में एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को मंजूरी दे दी है।



- एनईडब्ल्यूएस अब पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी बन गई


### बिजली उत्पादन का कारोबार करती है

*एनईडब्ल्यूएस का एक जून, 2020 को एनटीपीसी और एमसीडी (पूर्ववर्ती ईडीएमसी) के संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में गठित किया गया था। इसमें एनटीपीसी की 74 प्रतिशत और एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसका पंजीकृत कार्यालय दिल्ली में है और यह अपशिष्ट प्रबंधन और बिजली उत्पादन का कारोबार करती है।*

- पश्चिम एशिया तनाव से निवेशकों की धारणों कमजोर पड़ी
- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिक्री जारी रही

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई।

*संघर्ष विराम की उम्मीद कमजोर, की मुनाफावसूली : जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिका -ईरान के बीच ताजा सैन्य कार्रवाई से संघर्षविराम की उम्मीदें कमजोर पड़ीं, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की और जोखिम से बचने की कोशिश की। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहने और अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से व्यापक धारणा और रुपये को कुछ समर्थन मिला।/''*

## इमामी 321 करोड़ में इंकनट डिजिटल में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

**कोलकाता।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड ने कहा कि वह सौंदर्य और व्यक्तिगत देखरेख खंड में अपनी मौजूदगी को मज़बूत करने के लिए 321 करोड़ रुपये में हैदराबाद की इंकनट डिजिटल प्रा लि में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कोलकाता की इस कंपनी ने बयान में कहा कि इस सौदे में 24 महीनों में प्रदर्शन से जुड़े बदलाव भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा, ''इमामी ने इंकनट डिजिटल प्रा लि और उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगियों में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक पक्का समझौता किया है।

# एसबीआई का मुनाफा 6% बढ़कर 19,684 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में बढ़ोतरी
- बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपए

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये रहा।

बैंक ने शुक्रवार को कहा कि फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। देश के सबसे बड़े बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 पहले समान तिमाही में 1,43,876 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,23,098 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 1,19,666 करोड़ रुपये थी। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल कर्ज का 1.49 प्रतिशत रह गईं, जो 2024-25 की समान तिमाही के अंत में 1.82 प्रतिशत थीं।

## डाबर का मुनाफ़ा बढ़कर 362 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 15.75 प्रतिशत बढ़कर 362 करोड़ रुपये हो गया है। यह बढ़ोतरी कंपनी के सभी खंड में अच्छे प्रदर्शन की वजह से हुई। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 312.73 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 7.34 प्रतिशत बढ़कर 3,038.02 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,830.14 करोड़ रुपये था।

## डील की खबर से 70 मिनट पहले हो गया करोड़ों डॉलर का खेल

# अमेरिका-ईरान जंग से शेयर बाजार में मुनाफा कौन कमा रहा?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्या अमेरिका- ईरान की जंग को कुछ ऐसे लोग मुनाफा कमाने का जरिया बना रहे हैं जिन्हें इससे जुड़ी अंदरूनी जानकारी है? जंग शुरू होने के बाद से यह सवाल उठ रहे हैं और इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा है।

- इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा

अब एक और ऐसी खबर आई है जिसने सबको चौंका दिया है, शक को और गहरा कर दिया है। 70 मिनट में शेयर मार्केट में ऐसा खेल किया गया है जिससे करोड़ों रुपए बनाए गए हैं, जंग की इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगने लगा है। वैश्विक और अमेरिका शेयर बाजार में यह बड़े पैमाने पर देखने में आ रहा।

### क्या है पूरा मामला

ग्लोबल कैपिटल मार्केट पर खुद को उद्योग जगत के टॉप के कमेंटेटर बताने वाले कोबेसी लेटर ने यह जानकारी सामने लाई है। कोबेसी लेटर ने अपने आधिकारिक **X** हैंडल पर एक पोस्ट में बताया कि 6 मई की सुबह 3:40 बजे (ईटी समय) करीब 10,000 क्रूड ऑयल "शॉर्ट" कॉन्ट्रैक्ट खरीदे गए थे। "शॉर्ट" का मतलब होता है कि ट्रेडर दांव लगाता है कि तेल की कीमत नीचे जाएगी। इन सौदों की कुल कीमत लगभग 920 मिलियन डॉलर यानी करीब 7,600 करोड़ रुपए थी। इतनी बड़ी ट्रेडिंग उस समय होना बेहद असामान्य माना जा रहा है, क्योंकि उस वक्त ऐसी कोई बड़ी खबर नहीं आई थी जो संकेत देती हो कि तेल की कीमत नीचे जाने वाली है।



### शार्ट करने वाले लोगों को 1000 करोड़ रुपए का हुआ फायदा

और फिर 70 मिनट बाद सुबह 4:50 बजे अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म एक्जिओस की रिपोर्ट आई कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने के लिए 14 बिंदुओं वाले समझौते के करीब हैं। इस खबर के बाद सुबह 7 बजे तक तेल की कीमतें 12% से ज्यादा गिर गईं। खबर आने से पहले ही शॉर्ट करने वाले लोगों को लगभग 125 मिलियन डॉलर यानी करीब 1,000 करोड़ रुपए का फायदा हुआ।

### सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है

अचानक सुबह-सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है... सिर्फ 70 मिनट बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने वाली संभावित डील की खबर सामने आती है और तेल की कीमतें तेजी से गिर जाती है... इससे पहले दांव लगाने वालों को भारी मुनाफा होता है... लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। कुछ ही मिनटों बाद ईरान ने बड़ा कदम उठाया और तेल की कीमतें फिर तेजी से ऊपर चली गईं। अब सवाल उठ रहा है -क्या किसी को पहले से खबर थी, या यह सिर्फ संयोग था?

### कुछ ही मिनट बाद ईरान की खबर से तेल की कीमतें बढ़ गई

लेकिन कुछ ही मिनट बाद ईरान ने "पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी" लांच कर दी। इसके बाद तेल की कीमतें अचानक 8% ऊपर चढ़ गईं। अब सोशल मीडिया और बाजार में सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी को डील की खबर पहले से पता थी? या फिर यह सिर्फ एक संयोग था?

## सर रतन टाटा ट्रस्ट की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक रद्द



**नई दिल्ली।** सर रतन टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक बिना कोई कारण बताये रद्द कर दी गई। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। निदेशक मंडल की इस बैठक में टाटा सन्स के निदेशक मंडल में नामित किये जाने पर पुनर्विचार किया जाना था। यह बैठक बंबई उच्च न्यायालय के बैठक पर रोक लगाने से इनकार के बावजूद रद्द की गई। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स में 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसका आकार 180 अरब डॉलर से अधिक है।

## चिंतन

# शुभेंदु को मिला ताज, साथ ही उम्मीदों का भी बोझ

शुभेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह राज्य के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा उनके शपथ समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी को पटकनी देकर शुभेंदु ने पहले ही दिखा दिया था कि वह इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद शुभेंदु के नेता चुने जाने का ऐलान किया। भाजपा ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में सहयोग करें। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। यह दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिसने बंगाल की प्रगति को बाधित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रशासन को ही पार्टी कैडर में बदल दिया था। यही नहीं, अपराधी और असामाजिक तत्व पार्टी की रीढ़ बन गए थे। भाजपा की यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। बंगाल इस समय जिस दशा में है, वह भाजपा के लिए एक अवसर भी है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। गरीबी चरम पर है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं या तो लागू नहीं हुई या लोगों तक उसका आधा-अधूरा लाभ ही पहुंचा। कट मनी एक बड़ी समस्या रही। वाम शासन की यह कुप्रथा तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी बदस्तूर जारी रही। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बंगाल कभी देश की सांस्कृतिक धुरी था। राज्य की यह पहचान लौटाना भी जरूरी है। अब सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु सरकार के सामने कानून-व्यवस्था, खराब नागरिक सुविधाओं और राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति जैसी कई चुनौतियां होंगी। केंद्र और ममता सरकार के बीच टकराव के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति पहले से ही दबाव में थी। नई सरकार की पहली प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बहाल करना और हाल के दिनों में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाना होगी। नई सरकार को भाजपा के कई वादों को भी पूरा करना होगा। इनमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। भाजपा ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का भी वादा किया है। साथ ही अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ नई नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की योजना भी सरकार के एजेंडे में होगी, ताकि बड़े पैमाने पर पलायन रोका जा सके। नई भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और बांग्लादेश सीमा से होने वाले अवैध प्रवासन पर रोक लगाने की दिशा में भी काम करेगी। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की जाएंगी और लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस पर अतिरिक्त 42,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शुभेंदु राज्य के नौवें मुख्यमंत्री होंगे। तीन बार सांसद रहे शिशिर अधिकारी के पुत्र शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से की थी। उस समय वामपंथी दलों का प्रभुत्व चरम पर था। शिशिर अधिकारी यूपीए-2 सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके थे। ममता बनर्जी और टीएमसी से शुभेंदु की दूरी तब बढ़ने लगी, जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी और नंबर दो नेता बनाना शुरू किया। 2021 में नंदीग्राम और फिर इस बार भवानीपुर में ममता को हराने के बाद शुभेंदु भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े नेता बनकर उभरे। 2021 के बाद विपक्ष के नेता के रूप में टीएमसी के भारी बहुमत के बावजूद उनका आक्रामक रुख पार्टी में उनकी स्थिति को और मजबूत करता गया।

# वामपंथ ने आखिरी सरकार भी गंवाई



मंथन
कृष्ण प्रताप सिंह

> पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते। संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते।

इस बार 'केरल के धोती पहनने वाले मोदी' की छवि भी उनकी सत्ता नहीं बचा पाई और वे 'अब तक के आखिरी वामपंथी मुख्यमंत्री' के रूप में भूतपूर्व हो गए। यहां याद किया जिनका चाहिए कि ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के मुख्यमंत्रित्व में देश की पहली वामपंथी सरकार भी 5 अप्रैल, 1957 को इसी राज्य में बनी थी, उसके राज्य बनने के बाद हुए पहले ही विधानसभा चुनाव में। इस मायने में अभूतपूर्व थी कि उसके रूप में न केवल भारत, बल्कि दुनिया में कहीं भी पहली बार किसी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी। नम्बूदरीपाद सरकार द्वारा व्यापक भूमि सुधारों और महत्वपूर्ण शैक्षिक बदलावों के आगाज के बीच 31 जुलाई, 1959 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग करके राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों उसको बर्खास्त करा दिया तो नेहरू की तीखी आलोचनाएं की गई थीं। कारण यह कि उस दौर में वामपंथ को सत्ता का सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष माना जाता था। बंटवारे और बिखराव के बावजूद उसने पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे अपने सुरक्षित गढ़ बना रखे थे। इसलिए वे गढ़ ढहे तो उसकी सही-गलत रीति-नीति और बढ़ते-घटते प्रभावों से जुड़े बहुत से प्रश्न खासी तेजी से पूछे जाने लगे थे। उनमें सबसे बड़ा यह था कि वे चुनावों में लगातार पराभव की ओर क्यों जाने लगे हैं? उनके विरोधियों को उन्हें चिढ़ाते हुए यह तक कहने का मौका क्यों हाथ लग रहा है कि आगे चलकर वे विलोपीकरण के शिकार हो जाएंगे? निस्संदेह, अब, उनके अपनी अंतिम सरकार तक गंवा देने के बाद इन प्रश्नों को नए सिरे से और ज्यादा तेजी से पूछा जाएगा। साथ ही यह प्रश्न भी कि उस हिंदी प्रदेश में उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति भी क्यों मुश्किल होती जा रही है, जिसे देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है और जिसकी जमीन को वे एक समय अपने लिए बेहद अनुकूल और उर्वर मानते थे? क्यों यह उम्मीद लगातार नाउम्मीद होती चली आ रही है कि कौन जाने सुरक्षित गढ़ खो देने के बाद ही सही, वे अपनी संभावनाओं के देशव्यापी विस्तार को जीवन-मरण का प्रश्न मानकर उसके लिए नई मुहिमों का मन बनाएं? सच कहें तो वामदलों के नेताओं के लिए इन सवालों के जवाब इसलिए भी कठिन हो चले हैं कि वे संसदीय कहें अथवा चुनावी राजनीति में उतरे तो उसे अपनी क्रांति कामना के लिए इस्तेमाल करने के मंसूबे से थे, मगर समय के साथ खुद उसके हाथों इस्तेमाल होकर रह गए हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद जतन से विकसित की गई 'सारी मध्यवर्गी पार्टियों के सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष' की अपनी छवि भी वे नहीं



बचा पाए हैं। इसलिए कि सत्ता संघर्षों में मध्यमार्गी पार्टियां विचारधाराओं को लात मारकर अपना तकिया जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्र आदि की विडंबनाओं पर रखने लगी तो ये दल उनसे अलगाव का खतरा उठाने का साहस प्रदर्शित नहीं कर पाए और तत्कालीन परिस्थितियों के नाम पर कभी इस तो कभी उस बड़ी पार्टी या गठबंधन की पालकी के कहार की भूमिका में दिखने लगे। तिस पर स्थितियों और परिस्थितियों के आकलन में उन्होंने लगातार गलतियां कीं। मिसाल के तौर पर आजादी के पहले अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के इस निर्देश पर अमल के बजाय कि उसे पूरी शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ना चाहिए, लगातार ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे पर चलती रही। इसके फलस्वरूप स्वतंत्रता संघर्ष में अपनी भूमिका को तार्किक परिणति नहीं दे सकी। आजादी के बाद माकपा को ज्योति बसु के रूप में देश को पहला वामपंथी प्रधानमंत्री देने का अवसर हाथ लगा तो भी उसने साफ इनकार कर दिया। तब वामदलों के विरोधियों व शुभचिंतकों दोनों को कहना पड़ा कि वामदलों की ट्रेन छूट गई है। ज्योति बसु को भी बाद में इसे हिमालय जैसी भूल बताना पड़ा। यह भी वामपंथ द्वारा स्थितियों के गलत आकलन के कारण ही हुआ कि जब उन्हें राजीव गांधी व मनमोहन सिंह प्रवर्तित नई आर्थिक नीतियों से लड़ना चाहिए था, उन्होंने अपनी सारी शक्ति उस सांप्रदायिकता से लड़ने में ही लगा दी, जो जनविरोधी आर्थिक नीतियों का ही उत्पाद थी, इस अर्थनीति के साथ ही स्वतः खत्म हो जाती। आश्चर्य है कि उनके लड़ते-लड़ते नई अर्थनीति और सांप्रदायिकता दोनों 'अजेय' हो गईं और मनमोहन के राज में अमेरिका से परमाणु करार के विरोध में सरकार से समर्थन वापस लेने का नुकसान भी अकेले वामपंथ को ही उठाना पड़ा। वामपंथी ऐसी भूलें नहीं करते तो आज प्रायः सारी मध्यवर्गी पार्टियों से निराश देश उन्हें खासी उम्मीद के साथ निहारता। वे कह पाने की स्थिति में होते कि अब हमारी बारी है। अभी तो वे विरोधियों की लगातार बढ़ती जा रही घृणा के साथ अपने गढ़ों तक में जनता का कोप झेल रहे हैं और फिर भी अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा पा रहे। आज भी, नवपूंजीवादी नीतियों से पूरे दम-खम के साथ दो-दो हाथ करने के बजाय इन संघर्ष विमुख दलों ने अपनी क्रांतिकामना को भी कर्मकांड बना डाला है। उनके शिविरों में कर्मकांडों के तौर पर ऐसी कई और चीजें चलती रहती हैं। मसलन, देश को वामजनवादी विकल्प देने के लिए काम करना, व्यापक वामपंथी एकता के प्रयास तेज करना और गैरवामपंथी दलों से न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर रणनीतिगत समर्थन व सहयोग के रिश्ते बनाना आदि। इन कर्मकांडों का सच यह है कि वामदलों में एका के बजाय बिखराव बढ़ता जा रहा है और कई कम्युनिस्ट पार्टियां अपने महासचिवों की जेबों में रहकर उनकी बौद्धिक भूख के शमन का जरिया भर रह गई हैं। सच तो यह है कि आज वामदलों को पुनर्जीवन के लिए नए फार्मूलेशनों और रणनीतियों की सख्त जरूरत है क्योंकि पुरानी कम्युनिस्ट थीसिसों का नए बदलावों के परिप्रेक्ष्य में युगानुरूप परीक्षण किए बिना उनकी बात नहीं बनने वाली है। इस परीक्षण के अभाव का ही नतीजा है कि लगभग एक साथ सक्रिय होने वाली दो जमातों में जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि वह राजनीति से परे रहकर संस्कृति के ही क्षेत्र में काम करेगा, उसने काम करते-करते अपनी राजनीतिक फ्रंट की मार्फत लगभग सम्पूर्ण देश की राजनीति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है और संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## सियासत
रोहित कौशिक



# पार्टियों को समझना होगा विपक्षी एकता का महत्व

भाजपा द्वारा चुनाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने और विशेष तौर से बंगाल का चुनाव जीतने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा जिस तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरती है, क्या उस तैयारी के साथ अन्य दल चुनावी मैदान में उतर पाते हैं ? बंगाल का चुनाव हारने के बाद अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि मैं इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम करूंगी। सवाल यह है कि अभी तक ममता ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए क्या किया? सच्चाई तो यह है कि समय-समय पर ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में अपनी अकड़ दिखाती रहीं। कई मुद्दों पर तो उन्होंने अपनी अलग राह पकड़ ली। गठबंधन में यदि हर कोई अपनी अलग-अलग राह पकड़ ले तो क्या कोई भी गठबंधन मजबूत हो सकता है? आज ममता बनर्जी भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया को हथिया लेने का आरोप लगा रही हैं, लेकिन क्या इस दौर की व्यवस्था से वे वाकिफ नहीं हैं ? क्या उन्हें इसका अनुमान नहीं था? ममता बच्ची नहीं हैं, वे एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेत्री हैं। यानी उन्हें यह आभास था। इसके बावजूद उन्होंने कई बार इंडिया गठबंधन को मजबूत न कर स्वयं अपनी अलग चाल चली। नतीजा सबके सामने है। अब सवाल केवल ममता का नहीं है, सवाल विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं का है? क्या विपक्ष के एक राज्य तक सिमटे छोटे दल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर कांग्रेस के साथ खड़े हो पाएंगे। विपक्षी दलों को यह सोच लेना चाहिए कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति कर भाजपा के सामने खड़े नहीं रह पाएंगे। अगर गंभीरता के साथ भाजपा के खिलाफ वैचारिक लड़ाई लड़नी है तो अपने क्रियाकलापों में भी गंभीरता लानी होगी। आज भाजपा की आप कितनी भी आलोचना करें लेकिन यह विपक्षी दलों को ही सोचना पड़ेगा कि आज भाजपा यहां तक कैसे पहुंची है? कमरों में बैठकर अगर भाजपा की सफलता का राज ढूंढ़ा जाएगा तो विपक्षी दल भी कमरों तक ही सीमित रह जाएंगे। भाजपा ने लंबा संघर्ष किया है। इस पर अलग चर्चा हो सकती है कि भाजपा का यह संघर्ष सकारात्मक था या नकारात्मक? अगर आप कहते हैं कि भाजपा हर हथियार इस्तेमाल करना जानती है तो यह भी आपको ही सोचना होगा कि भाजपा इतनी शक्तिशाली कैसे बन गई कि वह हर हथियार इस्तेमाल करने लगी। बंगाल में भाजपा का कोई वजूद नहीं था लेकिन आज भाजपा ने बंगाल में भी जीत हासिल कर ली। भाजपा जमीन पर मेहनत करना जानती है, लेकिन कितनी विपक्षी ऐसा कर रही हैं? चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात अपनी जगह ठीक हो सकती है, लेकिन सिर्फ इस आरोप के सहारे विपक्ष अपनी कमजोरियों पर पर्दा नहीं डाल सकता। इस दौर में पहले तो विपक्ष को अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा और इसके साथ ही विपक्षी एकता पर भी बल देना होगा। विपक्षी एकता तभी संभव हो पाएगी, जब राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर एक बड़े उद्देश्य पर ध्यान केन्दित कर पाएंगे। भाजपा द्वारा बंगाल चुनाव जीतने के बाद इस समय तो विपक्षी दलों को एकता की बात ध्यान आ रही है, लेकिन विपक्ष की एकता की भावना जल्दी ही खत्म हो जाती है। एक राज्य तक सिमटे दलों को कांग्रेस का महत्व समझना होगा। भले ही किसी एक राज्य में क्षेत्रीय दलों की मजबूत स्थिति हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ही समूचे विपक्ष को प्रतिनिधित्व दे सकती है। कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है इसलिए छोटे दलों को कांग्रेस को वह सम्मान देना होगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी छोटे दलों को सम्मान देकर विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। विपक्षी दलों को यह समझना होगा कि भाजपा से मुकाबला इतना आसान नहीं है जितना वे समझ रहे हैं। छोटे दलों को यह लगता है कि कांग्रेस कहीं उनकी सीटों पर कब्जा न कर ले और छोटे दल सिमट न जाएं। इसलिए ऐसे दल कांग्रेस को सीट देते हुए घबराते हैं। जब तक विपक्षी दल आपसी समझ को बढ़ा नहीं पाएंगे, तब तक इस स्थिति में किसी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को देर-सबेर यह समझना ही होगा कि विपक्षी एकता के बल पर ही उनका अस्तित्व बच सकता है। इस समय सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भविष्य में विपक्षी एकता संभव हो पाएगी? दरअसल इस दौर में विचारधारा की राजनीति खत्म होती जा रही है। कुछ छोटे दल तो एक विचारधारा पर टिक ही नहीं पाते हैं। ऐसे दल समय आने पर हर तरह की राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। इसलिए कुछ समय बाद विपक्षी एकता एक खोखला आदर्शवाद लगने लगती है। यह तो विपक्षी दलों को ही तय करना होगा कि वे कि रास्ते पर चलना चाहते हैं?

# जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
**दर्शन**

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे। ऐसी उदारता, जो कि अन्यत्र असंभव है।

# स्वयं को जीतना सिखाते स्वामी महावीर



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी महावीर जैसी आत्माएं अपनी यात्रा पिछले जन्म में ही पूरी कर चुकी होती हैं। इस जन्म में इस संसार में आने की प्रेरणा के पीछे उनकी अपनी कोई वासना नहीं है। सिर्फ करुणा कारण है। तीर्थंकर का अर्थ है, वह आत्मा जो राह दिखाने के लिए पैदा हुई है। साधारण आत्मा तीर्थंकर नहीं हो सकती, क्योंकि जो स्वयं मार्ग खोज रहा हो, वह मार्ग नहीं दिखा सकता। मार्ग क्या है, यह मंजिल पर पहुंच कर ही पता चलता है। मंजिल पर पहुंच जाना इतना कठिन नहीं है, जितना मंजिल पर पहुंच कर मार्ग पर वापस लौटना। ऐसी आत्माएं तीर्थंकर कहलाती हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- वह मल्लाह, जो घाट से पार होने का रास्ता बताए। सच में जो विशिष्ट होता है, उसका प्रारंभिक जीवन घटना शून्य होता है, इसलिए क्योंकि वह लौटा है औरों के लिए, अपने लिए नहीं। बस वह चुपचाप बढ़ता चलता जाता है। चारों तरफ चुप्पी होती है और वह बड़ा होता जाता है। उस क्षण की प्रतीक्षा में जो वह देने आया है, वह दे दे। मेरी दृष्टि में उनको वर्धमान नाम ही इसलिए मिला कि जो चुपचाप बढ़ने लगा। जिसके आस-पास कोई घटना ही नहीं घटी, यानी जिसका बढ़ना इतना चुपचाप था, जैसे पौधे चुपचाप बड़े होते हैं, कलियां फूल बनती हैं। कहीं कोई शोर नहीं होता। शिक्षक पढ़ाने आए, तो उसने मना कर दिया और शिक्षकों ने भी पाया कि जो पढ़ाया जा सकता है, वह उसे पहले से ज्ञात है। दूसरी बात ध्यान में रख लेने जैसी है, अर्थपूर्ण है, जो मिथ, जो कहानी है, वह तो यह है कि वे ब्राह्मणी के गर्भ में थे और देवताओ ने गर्भ बदल कर क्षत्रिय गर्भ में पहुंचा दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है।

*- दिप्ती, रोहतक*

## ट्रेंड

### 'सोनार बांग्ला' का संकल्प



पश्चिम बंगाल भाजपा विधानसभा की बैठक में भाजपा विधानसभा दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी नेता, सुवेंदु डब्ल्यूबी को शुभकामनाएं। निस्संदेह, आप 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को पूरा करेंगे और विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

### जनहित में काम



प्रत्येक सार्वजनिक सुनवाई जनता के विश्वास, आशाओं और भावनाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आम जनता का यही स्नेह और विश्वास हमें जनहित में काम करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।
- **सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हप्र

### आवास जनगणना



'आवास जनगणना' के तहत स्व-गणना प्रपत्र लखनऊ स्थित सरकारी आवास में भरा गया। यह प्रक्रिया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
-**केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, उप्र

### सत्ता के घमंड में भाजपा



भाजपा समर्थकों के कुकर्मों का एक और घिनौना उदाहरण। सत्ता के घमंड में भाजपा समर्थक दरिंदे बन गए हैं। आज किसी की बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। जब जनता न्याय की मांग करे तो किससे? भाजपा ने अपने भ्रष्ट लोगों को हर जगह बिठा रखा है।
-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# पोप 14वें के साथ स्थायी शांति के प्रयासों पर की चर्चा



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पोप लियो 14वें से मुलाकात की और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। रुबियो की वेटिकन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है। रुबियो ने पोप 14वें और वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की जो करीब ढाई घंटे तक चली। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और पोप 14वें ने पश्चिम एशिया की स्थिति और पश्चिमी गोलार्ध में परस्पर हित के विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, इस बैठक ने अमेरिका और पोप के बीच मजबूत संबंधों और शांति एवं मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पिगोट ने पैरोलिन से हुई मुलाकात के बारे में एक अलग बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने पश्चिमी गोलार्ध में चल रहे मानवीय प्रयासों और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि इस चर्चा में धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में अमेरिका और पोप के बीच अटूट साझेदारी प्रदर्शित होती है।

## ऑफ बीट

# 92 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का किया उपयोग




जनगणना के पहले चरण के दौरान अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 92 लाख से अधिक परिवारों ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (एसई) सुविधा का उपयोग किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना सुविधा भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है, जो नागरिकों को जनगणना के पहले चरण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रश्नों का ऑनलाइन उत्तर देने की सुविधा प्रदान करती है। भारत के पंजीयक और जनगणना आयुक्त ने को दिल्ली में जनगणना के पहले चरण - गृह सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) - के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों के लिए एचएलओ चरण 15 मई को समाप्त हुआ, जबकि राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों में यह 14 जून, 2026 तक जारी रहेगा। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ' 'जनगणना जागरूकता वाहन दिल्ली भर जायेंगे तथा जनगणना में भागीदारी, स्व-गणना (एसई) सुविधा, जनगणना 2027 की प्रमुख विशेषताओं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान गणनाकर्ताओं के साथ जनता के सहयोग के महत्व के बारे में संदेश देंगी।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



## हॉलीवुड मसाला




# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला




# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा,



'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज'और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।

# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते



के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

-एक लाख 21 हजार लंबित व तीन लाख प्री-लिटिगेशन मामले समझौते के लिए नियत

# आज नेशनल लोक अदालत : प्रदेश में कुल 1420 खंडपीठों का गठन



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर और खंडपीठद्वय इंदौर व ग्वालियर सहित राज्य की समस्त अधीनस्थ अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए हाई कोर्ट की तीनों पीठों में आठ व अधीनस्थ अदालतों में 1412 मिलाकर कुल 1420 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस बार एक लाख 21 हजार लंबित मामले और तीन लाख प्री-लिटिगेशन मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व कार्यपालक अध्यक्ष प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में हाई कोर्ट स्तर से लेकर जिला व तहसील स्तर तक राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित दीवानी व आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के समझौता योग्य मामले निराकरण हेतु रखे जाएंगे। श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में भी सुनवाई होगी। विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों व मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर व जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जाएगी।



# रेल मजदूर संघ पीएनएम में रेलकर्मियों की कई समस्याओं का समाधान

**हरिभूमि, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे में आयोजित दो दिवसीय महाप्रबंधक-रेल मजदूर संघ पीएनएम बैठक में रेलकर्मियों की लंबित समस्याओं पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 7 एवं 8 मई 2026 को आयोजित बैठक में संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय ने रेल कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के समक्ष रखे, जिस पर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए। संघ के महामंत्री एवं एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में हुई बैठक में रेल आवासों के बेहतर मेंटेनेंस, लंबित ट्रांसफर आवेदनों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार, स्टेशन मैनेजर पैनल कक्षों के वातानुकूलन, रनिंग रूम में नॉन-सब्सिडाइज भोजन सुविधा तथा कर्मचारियों को ड्यूटी कार्ड पास जारी करने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी।बैठक में भोपाल-कोटा कारखाने की समस्याएं, कटनी ग्रिड सेपरेटर क्षेत्र में सड़क निर्माण, ट्रैक मशीन एवं ब्रिज विभाग कर्मचारियों को सेफ्टी शूज उपलब्ध कराने, जीडीसीई की रद्द परीक्षाओं के पुनः नोटिफिकेशन तथा पीडब्ल्यूबीडी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए स्पष्ट नीति बनाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही रेलवे खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स सेल गठन और केंद्रीय चिकित्सालय से प्रतिष्ठित अस्पतालों के टाईअप का निर्णय भी लिया गया। बैठक में संघ प्रवक्ता सतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष बी.एल. मिश्रा, मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, आर.के. शर्मा, महेंद्र सिंह खींची, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल, अब्दूल खालिक, कमलेश परिहार सहित रेलवे प्रशासन एवं संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मेडीकल यूनिवर्सिटी को 3 हिस्सों में बांटने पर मुख्यमंत्री से पुनर्विचार करने निवेदन करेंगे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की एकमात्र मेडीकल यूनिवर्सिटी जो वर्तमान में जबलपुर से पूरे प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा का संचालन करती है, उसे तीन हिस्सों में बांटने से जबलपुर प्रशासनिक और शैक्षणिक महत्व पर असर पड़ेगा, अतः जबलपुर के महापौर के नाते मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मेडीकल यूनिवर्सिटी को तीन हिस्सों में बांटने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाए, यह निवेदन करेंगे।यह आश्वासन आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधि मंडल को दिया। महापौर ने बताया कि यदि जरूरत पड़ेगी तो इस मुद्दे पर अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से चर्चा भी की जाएगी।इसके पूर्व नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया तथा डीआर लखेरा ने आज महापौर से मुलाकात कर बताया कि मेडीकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने से मेडीकल शिक्षा का "सेंट्रल हब" वाला दर्जा जबलपुर से छिन जाएगा। सच्चाई यह है कि समूचे देश के मेडीकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने की व्यवस्था कहीं भी नहीं है। अतः ऐसे कार्य से जबलपुर के साथ अन्याय होगा।

# सीईआईआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने 106 गुमे मोबाइल धारको को लौटाए

**जबलपुर।** गुम हुए मोबाइल फोन तलाश कर लोगों को वापस सौंपने के लिए जबलपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर साइबर सेल ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से 106 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई गई है। गुरुवार को एसपी सम्पत उपाध्याय ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में मोबाइल धारकों को उनके फोन वापस सौंपे। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। वहीं साइबर फ्रॉड होने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 या साइबर सेल जबलपुर के हेल्पलाइन नंबर 7701050010 पर संपर्क करें। जबलपुर पुलिस ने लोगों को ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि व्हाट्सएप पर आने वाले निवेश ऑफर, एपीके फाइल को डाउनलोड/इंस्टाल न करें।



# ग्रीष्मकालीन फुटबाल शिविर में निखर रही युवा प्रतिभाएं

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में 100 से अधिक नवोदित खिलाड़ी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में 6 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 90 से अधिक बालक एवं 12 बालिकाएं सुबह-शाम नियमित अभ्यास कर रही हैं।प्रशिक्षकों कुलदीप बहादुर, पवन पटेल, मनोज कुमरे, राजेश सिंह, हरीश नायक एवं विशाल सोना द्वारा खिलाड़ियों को फुटबाल की तकनीकी बारीकियों के साथ शारीरिक फिटनेस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने शिविर का निरीक्षण कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर में खिलाड़ियों को लांग पास, शॉर्ट पास, ड्रिब्लिंग, हेडिंग, बॉल कंट्रोलिंग एवं जगलिंग जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही अभ्यास मैचों के माध्यम से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी बढ़ाया जा रहा है। प्रशिक्षकों ने विश्वास जताया कि शिविर से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर शहर एवं विद्युत परिवार का नाम रोशन करेंगे।

# ज्ञान गंगा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** ज्ञान गंगा संस्थान में 8 मई 2026 की दोपहर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तनाव प्रबंधन, स्वस्थ मुकाबला तकनीकों (कोपिंग टेक्निक्स) एवं प्रभावी समय प्रबंधन कौशल के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक संतुलन बनाए रख सकें।

कार्यक्रम में शहर की वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता साहू (MBBS, MD Psychiatry) एवं रायपुर की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता ने संवादात्मक सत्र के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों और सकारात्मक जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को खुलकर संवाद करने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ एक्सीलेंस के अध्यक्ष अशोक साहू सहित विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष एवं जिला गवर्नर अमित जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया।



# पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने श्रमिकों का किया सम्मान

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा कोटा, भोपाल एवं जबलपुर मंडलों में कार्यरत ग्रुप 'डी' रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। संगठन की अध्यक्ष ऋचा सिंह ने विभिन्न विभागों में समर्पण एवं निष्ठा से कार्य करने वाले 15 रेलकर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।महिला कल्याण संगठन द्वारा इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, परिचालन तथा संकेत एवं दूरसंचार विभाग में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर, हेल्पर, सामान्य सहायक एवं पॉइंट्समैन जैसे कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्ष अर्चना खत्री, सचिव रेनू गौतम, ट्रेजरर शाहवार हाशमी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं। सम्मानित कर्मचारियों में इंजीनियरिंग विभाग से रवि स्वामी, बहादुर सिंह एवं छोटी बाई, संकेत एवं दूरसंचार विभाग से गंगाराम, पन्नालाल अहिरवार एवं हरी दास, इलेक्ट्रिकल विभाग से रमेशचंद्र, प्यारी बाई एवं रविंद्र कुमार वर्मा, मैकेनिकल विभाग से मोहनराम, वैजन्ती पटेल एवं अनीता तथा परिचालन विभाग से परमेश्वर दयाल, सुशील कुमार एवं विनीता यादव शामिल रहे। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष ऋचा सिंह ने कहा कि रेलवे के संचालन में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनके समर्पण एवं मेहनत का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। सम्मान प्राप्त कर रेलकर्मियों ने खुशी व्यक्त की।

# स्वच्छता फीडबैक के साथ 10 मई को 26 निजी अस्पतालों में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में जबलपुर को अव्वल बनाने एवं जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एम.पी.एन.एच.ए. जबलपुर हॉस्पिटल्स एसोसिएशन द्वारा 10 मई 2026 को शहर के 26 निजी अस्पतालों में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र पांडे एवं मानसेवी सचिव डॉ. जतिन धीरावानी ने बताया कि शिविर में आने वाले नागरिकों को उपचार से पूर्व स्वच्छता सर्वेक्षण क्लीनलीनेस फीडबैक भरना होगा, जिससे नागरिक सहभागिता बढ़ेगी और शहर की स्वच्छता रैंकिंग मजबूत होगी। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, वाइटल्स एवं ब्लड शुगर जांच, आवश्यकता अनुसार ईसीजी तथा चयनित रेडियोलॉजी जांचें निःशुल्क की जाएंगी। इस अभियान में पांडे हॉस्पिटल, जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, अनंत हॉस्पिटल, त्रिवेणी हॉस्पिटल, नाइक मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गैलेक्सी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सर्वोदय हॉस्पिटल सहित शहर के 26 प्रमुख अस्पताल सहभागी बन रहे हैं। जबलपुर हॉस्पिटल्स एसोसिएशन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने एवं स्वच्छता फीडबैक देकर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

# आर्ट ऑफ लिविंग का तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** बीएसएनएल कार्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएनएल के 45 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक ऋतु राज असाटी ने किया। उन्होंने वर्तमान जीवनशैली में बढ़ते तनाव के कारणों एवं उसके मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक बना तनाव आगे चलकर विकार और रोग का रूप ले सकता



है। मन का भूत और भविष्य के बीच भटकना, नकारात्मक बातों को पकड़े रखना तथा परिस्थितियों के अनुसार अत्यधिक उत्साहित या निराश होना तनाव के प्रमुख कारण हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया एवं ध्यान की उपयोगिता बताई गई। ऋतु राज असाटी ने कहा कि इन तकनीकों के नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है तथा जीवन में शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता बढ़ती है। गहन ध्यान सत्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने मानसिक विश्राम एवं आंतरिक शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर बीएसएनएल जबलपुर के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार दोहरे एवं उप-महाप्रबंधक अजय खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशांत कुमार दोहरे ने कहा कि तेज रफ्तार कार्यशैली में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल बेहद आवश्यक है, जबकि अजय खरे ने तनावमुक्त एवं संतुलित मन को स्वस्थ कार्यसंस्कृति का आधार बताया।

# आजाद अतिथि शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** आजाद अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर आज समस्त 55 जिलों में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि नवीन पंजीयन पूर्णतः बंद करने एवं पुराने अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर प्रति वर्षानुसार 10 अंक अधिकतम (15 वर्ष के 150 अंक) स्कोर कार्ड में जोड़े जाएं। पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को नियुक्त किया जाए व विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं यथावत करने का आदेश जिस प्रकार हुआ है उसी प्रकार विद्यालय में कार्य करने वाले अतिथि शिक्षकों की सेवाएं यथावत की जाएं। ज्ञापन सौंपते समय संघ के जिलाध्यक्ष हेमन्त तिवारी, मनीष राय, सुनील सरैया, सतीश कुमार सहित अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

# रादुविवि छात्र परिषद ने डेम के मजदूरों, इंजीनियर, पुलिस को किया सम्मानित

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र परिषद संयोजक, मप्र उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि बरगी क्रूज हादसे की घटना से सम्पूर्ण देश स्तब्ध है। घटना के वक्त वहां मौजूद हर व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डालकर त्वरित सोच और बहादुरी, साहस का परिचय देकर जो कार्य किया वह वास्तव में प्रशंसनीय है। आज दोपहर 02 बजे बरगी डेम पर जाकर क्रूज हादसे में डूबने वाले लोगों को बचाने वाले लगभग 40 लोगों- विवेक पटेल प्रोजेक्ट मैनेजर, नमन वाजपेयी साइट इंजीनियर, शशिरंजन मालाकार इलेक्ट्रिशियन, वीरेन्द्र यादव, सागर कुमार गुप्ता, रमजान शेख, छोटू, प्रेम कुशवाहा, उपेन्द्र, राजा, शिवनाथ, राहुल, संजय, संतोष, भुवन, रामबहादुर, नारायण,



अरविंद यादव, राजेश साहनी, प्रदुम्न यादव, राजाराम फेंकू, साहिल शेख, इब्राहिम शेख, नूरे सलाम शेख, टुनो हुसैन, मुक्तार शेख, सम्राट आलम, राजा, समित अख्तर, अब्दुल मुनीरुद्दीन, तुहीम आदि मजदूरों, इंजीनियरों का सम्मान रादुविवि छात्र परिषद ने माला और सम्मान पत्र देकर उनको उत्साहित किया। परिषद सदस्यों ने बताया डूबते हुए व्यक्ति को नया जीवन देकर मानवता का जो फर्ज सदस्यों ने निभाया है, इन मजदूरों के साहस को हम नमन करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, रादुविवि छात्र परिषद के मनोज पटेल, नरेश मध्यानी, नीतेश सैनी, रिंकू मुकर्जी, रोहित कनौजिया, दीपक सिंह सहित अन्य ने पुलिस कर्मचारी, इंजीनियरों, मजदूरों के सम्मान एवं प्रोत्साहन में विशेष सहयोग दिया।

# कचहरी वाले बाबा का सालाना उर्स आज से

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती (कचहरी वाले बाबा) रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स इस वर्ष 9 मई से बड़े अदब-ओ-एहतराम और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। पांच दिवसीय इस उर्स में प्रदेश सहित देशभर से हजारों जायरीन के पहुंचने की उम्मीद है, जिसके मद्देनज़र दरगाह परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

दरगाह के खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी के अनुसार, उर्स शरीफ का आगाज़ 9 मई की रात 9 बजे महफिल-ए-मीलाद शरीफ से होगा। इसके बाद दरगाह में लगातार धार्मिक कार्यक्रम, फातिहा, दुआ और इबादत का सिलसिला जारी रहेगा। उर्स का मुख्य आकर्षण 10 मई को निकलने वाला शाही सन्दल जुलूस रहेगा। यह जुलूस खादिम मरहूम चांद खां के निवास, नया मोहल्ला से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा। जुलूस में बड़ी



संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। कव्वाली की महफिलें भी उर्स की शान मानी जाती हैं। कचहरी वाले बाबा की दरगाह पर होने वाली कव्वालियां पूरे मध्यप्रदेश में खास पहचान रखती हैं। इस वर्ष 11 मई को दिल्ली के मशहूर कव्वाल जनाब रफीक आफताब साबरी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे, जबकि 12 मई को राजस्थान के कपासन से आए जनाब नुसरत कादरी अपनी कव्वाली से महफिल को रौशन करेंगे।उर्स के दौरान दरगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रौनक बढ़ जाएगी। जायरीन के लिए लंगर, पानी और अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की जा रही है। यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी आपसी भाईचारे, मोहब्बत और अमन का पैगाम देगा।

# जबलपुर में भी आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी जल्द स्थापित करने की मांग उठी

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं प्रबंधन संगठन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश में तीन आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटीज स्थापित करने की घोषणा पर धन्यवाद देते हुए मांग की है कि प्रस्तावित विश्वविद्यालयों में से एक जबलपुर को भी दिया जाए। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने कहा कि उज्जैन में पहली आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय सराहनीय एवं दूरदर्शी है, जिससे आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को नई पहचान और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख शैक्षणिक एवं चिकित्सा केंद्र है, जहां मेडिकल, नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी अनेक संस्थाएं पहले से संचालित हैं। ऐसे में यहां आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी स्थापित होने से पूरे महाकौशल क्षेत्र को लाभ मिलेगा। डॉ. वाधवानी ने कहा कि यूनिवर्सिटी बनने से आयुर्वेद चिकित्सा, रिसर्च, पंचकर्म, फार्मेसी एवं औषधि निर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उदघोषण**

रा.मा.क्र./114 अ-20 (1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 1, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्र. 2/2 रकबा 4923 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता - संदीप कुमार साहू आ. स्व. शंकर लाल साहू सा. नेहरू वार्ड नरसिंहपुर उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है - संदीप कुमार साहू आ. स्व. शंकर लाल साहू सा. नेहरू वार्ड नरसिंहपुर उक्त अनुसूची के अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 29/05/2026 को प्रात:11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

इश्तेहार आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**